डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 115 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 05 फरवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया

समाजसेवी सेवी अशोक अरोरा पर बाबू फकीर ने किया फायर, ड्राइवर को लगी गोली

जवाबी फायरिंग में शूटर की मौत, उसके साथी फरार, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

नीमच, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर के केंट थाना क्षेत्र के लायंस पार्क के समीप रविवार शाम अज्ञात बदमाशों ने समाज सेवी अशोक अरोरा पर फायर कर जान लेने की कोशिश की। इस वारदात में समाज सेवी अशोक अरोरा को मामूली चोट आई है, वहीं उनकी कार का ड्राइवर घायल हो गया। जिसका बड़े अस्पताल में उपचार चल रहा है। जबकि, फायर करने वाला शूटर मौके पर ही जवाबी फायरिंग में खुदा को प्यारा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार फायरिंग करने वाले दो बदमाश थे। जिनमें से एक मौका पाकर फरार हो गया, वही एक की मौके पर मौत हो गई है। मरने वाले का नाम कुख्यात शूटर बाबू फकीर बताया गया है।

फायरिंग की सूचना पर नीमच पुलिस कप्तान अमित कुमार तोलानी, एएसपी नवल सिंह सिसोदिया सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा, वहीं घटना के बाद जैसे ही घटना की जानकारी शहर में आग तरफ फैली तो बड़े अस्पताल में समाज सेवी अशोक अरोरा के हाल-चाल पूछने बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ बड़े अस्पताल में एकत्रित हो गई। घटना के संदर्भ में एसपी अमित कुमार तोलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रारंभिक तौर में जानकारी सामने आई है कि दो गुटों में आपस में फायरिंग की घटना हुई है। यह फायरिंग अज्ञात बदमाशों द्वारा समाजसेवी व व्यवसायी अशोक अरोरा पर की गई है। इस घटना में फायरिंग करने वाले आरोपी में से एक की मौत हुई है, जिसकी पहचान बाबू फकीर के रूप में हुई है। वहीं समाज सेवी अशोक अरोरा मामूली घायल हुवे है और उनके साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। जिसको नीमच के बड़े अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना को लेकर मौका मुआयना भी किया गया है। घटनास्थल पर पिस्टल और कुछ खाली कारतूस भी बरामद की गई है। इस घटना की पतरसी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

बाबू सिंधी पर शंका की सुई...

जानकारों की माने तो इस हमले के पीछे तस्करी के आरोप में जैल में बंद बाबू सिंधी पर शंका की सुई जा रही है। वह कुछ दिनों पहले पैरोल पर आया था। माना जा रहा है की उस समय उसने बाबू फकीर से संपर्क किया होगा। हालांकि, अब पुलिस बाबू फकीर की मोबाइल से डिटेल निकालेगी। जिससे पता चलेगा की वह बीते दिनों किस किस के संपर्क में था।

बालू बावरी, अनिल त्रिवेदी मर्डर में भी था हाथ...

मृतक शूटर बाबू फकीर आदतन अपराधी था। इस पर बालू बावरी, अनिल त्रिवेदी के मर्डर सहित कई मामलो के आरोप थे। उसने अपने मंदसौर के रिश्तेदार के जरिए रैकी कराकर कई लोगो से फिरौती भी वसूलने का प्रयास किया था।

दोनों हाथ से चलाता था पिस्टल...

बाबू फकीर अपने दोनो हाथो से पिस्टल चलाता था। क्योंकि, बालू बावरी हत्या कांड के समय पिपलिया मंडी थाना क्षेत्र के रेलवे फाटक पर डोडाचूरा माफिया की रेड पार्टी के मुखिया बालू बावरी की हत्या की थी। तब उसे बालू ने पकड़ लिया था। उसे छुड़ाने के लिए उसके साथी ने पिस्टल से गोली चलाई तो एक गोली उसके हाथ पर लगी थी। तब से वह एक हाथ से गोली नहीं चला पाता था।

महंगा होने लगा लाल गुलाब

जनवरी में भी खासी मांग रही फूलों की, वेलेंटाइन डे की तैयारी में जुटे फूल विक्रेता

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अयोध्या में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी के कुछ दिन पहले महंगे हुए गेंदे के फूल की कीमतें पटरी पर आ गई हैं। लेकिन, वेलेंटाइन डे के लिए लाल गुलाब की कीमतें आने वाले दिनों में तीन गुना तक बढ़ने की संभावना है। फूल विक्रेताओं ने अभी से आर्डर भी बुक करना शुरू कर दिए हैं। इधर विवाह सीजन के चलते फूलों की मांग बढ़ी हुई है। वर-वधू की मालाएं और गुलदस्तों की कीमत 20 प्रतिशत ज्यादा है। वैसे जनवरी माह फूल विक्रेताओं के लिए अच्छा रहा है। 22 जनवरी को तो प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन मांग बढ़ने से गेंदे की कीमतों में तीन गुना उछाल आ गया था।

इतराने लगा लाल गुलाब...

इस माह में गुलाब की खास कर रेड रोज की मांग वेलेंटाइन डे के चलते रहेगी। अभी से फूल विक्रेताओं ने ऑर्डर दे दिए हैं। रेड अन्य शहरों से भी आते हैं। व्यापारियों को उम्मीद है कि वेलेंटाइन डे पर तीन गुना से ज्यादा भी कीमत मिलेगी। वेलेंटाइन डे के दिन एक गुलाब 30 से 50 रूपये मिलता है। वहीं, वसंत पंचमी के दिन गेंदे की मांग रहेंगी, उस दिन गेंदा महंगा रहेगा।

शादी सीजन भी चल रहा

इन दिनों शादी का सीजन चलने से गुलदस्ते व वर-वधू की मालाओं की ग्राहकी बनी हुई है। गुलदस्तों की कीमत फूलों की संख्या के हिसाब से तय होती है। फरवरी में शादी सजावट के चलते फूलों की मांग रहेगी।

फूल विक्रेता ओमप्रकाश माली का कहना है मांग के हिसाब से रेट कम ज्यादा होते रहते हैं। अभी सामान्य मांग है, इसलिए रेट भी सामान्य हैं। फूल जिस कीमत पर मिलते हैं, उस पर 30 फीसदी का मुनाफा होता है। फूल को माला में और गुलदस्ते तैयार करने का मेहनताना होता है।

कुएं में मिला युवती का शव

पिपलियामंडी, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। गांव टकरावद में युवती की लाश कुए में मिली। जानकारी के अनुसार बूढ़ा चौकी अन्तर्गत गांव टकरावद में रविवार दोपहर 12 बजे सितारा बी (22) पिता जलील मन्सूरी का शव उसके ही बड़े पापा के ही कुए में मिला। सूचना पर बूढ़ा चोकी प्रभारी भीमसिंह राठौड जाप्ते के मौके पहुंचे, शव को बाहर निकलवाया। बताया गया युवती की शादी एक वर्ष पूर्व सुवासरा थाने के गांव अजयपुर में हुई थी। युवती चार माह से अपने पिता के यहां टकरावद में थी। शव को मंदसौर जिला अस्पताल भेजा, जहां पैनल टीम ने पीएम किया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अयोध्या के लिए चली ट्रेन, मंदसौर-नीमच के सैकड़ों कार्यकर्ता अयोध्या रवाना

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जाने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इंदौर से सीधे अयोध्या के लिए रेलवे ट्रेन की शुरूआत 4 फरवरी रविवार शाम से हो गई। यह ट्रेन रतलाम होकर अयोध्या के लिए निकली। ट्रेन का नाम आस्था स्पेशल एक्सप्रेस रखा है। इस ट्रेन में मंदसौर - नीमच के सैकड़ों कारसेवक सवार होकर अयोध्या के रवाना हुए।

यह है शेड्यूल...

आस्था स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन इंदौर से शाम 19.20 बजे चलकर फतेहाबाद 19.54 बजे, रतलाम 21.20 बजे, नागदा 22.20 बजे, उज्जैन 23.25 बजे, संत हिरदाराम नगर सुबह 3.05 बजे, बीना 5.58 बजे पहुंचकर रात्रि 17.30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन अयोध्या से 6 फरवरी को रात्रि 21.30 बजे रवाना होगी। 7 फरवरी की सुबह बीना 9.28 बजे, संत हिरदाराम नगर दोपहर 12.50 बजे, उज्जैन 16.10 बजे, नागदा 17.17 बजे, रतलाम 17.55 बजे, फतेहाबाद 19.25 बजे आकर इंदौर रात्रि 20.10 बजे पहुंचेगी।

1117 किमी की है दूरी...

इंदौर से अयोध्या के लिए यह ट्रेन 1117.21 किमी दूरी तय करेगी। इस दूरी को तय करने में आस्था स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन को 22.10 घंटे लगेंगे।

कार बनी व्हील ऑन बार..!

हाईवे और अंधेरी गलियों में छलक रहे जाम

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। प्रदेश सरकार ने भले ही अहाते बंद करा दिए हों, पर शराबियों को इसकी कोई परवाह नहीं। उन्होंने खुद नए अहाते खोल लिए हैं और ये बनाए हैं खुले में। जी हां, गलियों, सूनसान सड़को पर, हाईवे, मैदानों और बगीचों में शराबी एक अप्रैल के बाद से दारू पी रहे हैं। उनको जहां जगह मिल रही है, वहीं शराब पीने लगे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कुछ लोग तो खुले में ही जाम छलका रहे हैं। वहीं अधिकांश धनाढ्य या मध्यमवर्गीय लोगों के लिए कार ही बार का काम कर रही है। ऐसे लोगो ने इसका नाम ही बार ऑन व्हील रख दिया है। राजमार्ग हो या शहर की अंधेरी गलिया। यहां खड़ी कारों में शराब पी जा रही है। इसकी गवाही देती है सुबह शराब की खाली बोतलें और स्नेक्स में उपयोग की गई वस्तुएं के खाली पैकेट के साथ पानी की बोतलें।

दुर्घटना को दावत...

हाईवे तक शराब की बोतल ले जाकर पीने के बाद शहर की सड़को पर ड्राइव की जा रही है। हाईवे से शहर तक का सफर कर शराब प्रेमी दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। इसके बाद शहर की गलियों में शराबी चालक कार से घूम रहे हैं।

कर्जदार हुई नगरपालिका: काम रुके, ठेकेदार काट रहे चक्कर

लोकसभा चुनाव बाद स्थिति पटरी पर लौटने की संभावना

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर के अति गरीब लोगो का गरीबी रेखा का कूपन बनाने वाली नगरपालिका इन दिनों खुद गरीबी रेखा में चल रही है। मंदसौर विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नई सरकार के गठन के बाद से निकाय आर्थिक संकट से जुझ रहे हैं। सिर्फ मंदसौर ही नहीं बल्कि पूरे जिले के निकायों में आर्थिक संकट गहराया हुआ है। फरवरी माह की शुरुआत हो चुकी और माना जा रहा है कि मार्च माह में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लग जाएगी। ऐसे में निकाय से जुड़े लोग मान रहे है कि अब निकाय की व्यवस्था लोकसभा चुनाव बाद ही पटरी पर लौटेगी और शहर में चल रहे कामों को गति मिलेगी। ऐसे में अभी इंतजार करना पड़ेगा। शहरी क्षेत्र में होने वाले नाली से लेकर सड़क सहित अन्य छोटे- है बड़े निर्माण कार्यों की भुगतान बजट के अभाव में रुका हुआ है। करीब पचास ऐसे छोटे बड़े काम है, जिनका भुगतान राशि के अभाव में नहीं हो पा रहा है। पूरे हो चुके निर्माण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए भी नपा को अनुमानित दो करोड़ रुपए चाहिए। राशि के इंतजार के चक्कर में ठेकेदार चक्कर काट रहे हैं।

मंदसौर नगर पालिका शहर में विकास कार्य को गति देना तो ठीक अपने कर्मचारियों को वेतन भी समय पर नहीं दे पा रही है। जब वेतन ही नहीं मिल रहा है तो निर्माण कार्यों का भुगतान और उन्हें गति देना सबकुछ ठप सा पड़ा है। इतना ही नहीं गहराते आर्थिक संकट के कारण ना तो शहर के विकास के बड़े प्रोजेक्ट पर कुछ काम हो पा रहा है और ना ही किसी प्रोजेक्ट को गति मिल रही है। सबकुछ अर्थ के अभाव में ठप सा हो गया है। शासन से मिलने वाले अनुदान और चुंगी क्षतिपूर्ति की राशि नहीं मिलने और जरुरत के मान से राशि नहीं आने के कारण यह स्थिति बनी है। इसके अलावा भी आय से अधिक खर्च के कारण नगर सरकार का वित्तीय कोष अब खाली हो गया है। कर्मचारियों के वेतन से लेकर के ठेकेदारों की बकाया राशि सहित अन्य खर्चों को मिलाकर करीब 10 करोड़ की कर्जदार फिलहाल नगर पालिका हो चुकी है और स्थिति कब बेहतर होगी यह भी समझ से परे है।

वेतन व निर्माण के अभाव में नियमित व्यवस्था के तहत भी निकाय के कई खर्चे है। इनकी भी फाइलें भुगतान का इंतजार कर रही है। यह राशि भी बढ़कर 2 करोड़ तक पहुंच गई है। ऐसे में अन्य कामों के भुगतान के लिए भी 2 करोड़ की राशि चाहिए। छोटी सामग्री के सप्लायरों से लेकर कई छोटे काम करने वाले ठेकेदार भी इस जद में है। जिन्हें भुगतान का इंतजार है और नपा के पास बजट का बहाना है।

बकाया वेतन देने के लिए चाहिए 4 करोड़...

नपा में करीब 1200 अधिकारी व कर्मचारी है। जिनके वेतन पर प्रतिमाह ढाई से तीन करोड़ की राशि खर्च होती है। जनवरी माह का सभी वेतन बकाया है तो दिसंबर माह का 250 से अधिक कर्मियों का वेतन बकाया है। अनुदान नहीं मिलने और जरुरत के मान से राशि नहीं आने के कारण यह स्थिति बनी है। इसके अलावा भी आय से अधिक खर्च के कारण शहर सरकार का वित्तीय कोष अब खाली हो गया है। कर्मचारियों के वेतन से लेकर ठेकेदारों की बकाया राशि सहित अन्य राशि को मिलाकर करीब 10 करोड़ की कर्जदार फिलहाल नगर पालिका हो चुकी है और स्थिति कब बेहतर होगी यह भी समझ से परे है।

हाथ की अंगुली काट पैरों में किए थे छेद...

जनपद उपाध्यक्ष के मकान पर चला बुलडोजर

रतलाम, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। बुजुर्ग की हत्या के विरोध में रविवार को परिवार और समाज के लोग सड़क पर उतर आए। उन्होंने शव को हत्या के आरोपी जनपद उपाध्यक्ष के घर के सामने रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। लोगों को बुजुर्ग का अंतिम संस्कार करने के लिए कहा गया। लेकिन, परिजन कार्रवाई पर अड़ गए। प्रशासन ने आरोपी जनपद उपाध्यक्ष के घर का अवैध अतिक्रमण ढहाने की कार्रवाई शुरू की। इसके बाद परिजन बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए।

मामला पिपलौदा थाना क्षेत्र के कंचनखेड़ी गांव का है। यहां गवाही से रोकने के लिए कोर्ट की तारीख से एक दिन पहले 24 जनवरी को नाथूलाल जाट 77 वर्ष पर गांव के ही 8 लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। हथियार से उनके पैरों में छेद कर दिए थे। एक हाथ की अंगुली काट दी थी। हमले के 11 वें दिन शनिवार की सुबह बुजुर्ग की मौत हो गई थी। शनिवार को भी गुस्साए परिजन और समाज के लोगों ने मेडिकल कॉलेज में जमकर हंगामा किया था। वे पिपलौदा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सुरेश जाट की गिरफ्तारी के साथ सभी आरोपियों के अतिक्रमण तोड़ने और पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई समेत निलंबित करने पर माने थे।

आरोपी के घर पर हंगामा, कार्रवाई शुरू होने पर माने परिजन...

प्रदर्शनकारी करीब आधा घंटे तक बुजुर्ग का शव आरोपी के घर के बाहर रखे रहे। उनका कहना था कि जब तक आरोपी सुरेश जाट का मकान नहीं तोड़ा जाता, वे नहीं उठेंगे। जावरा एसडीएम अनिल भाना ने उन्हें समझाते हुए कहा, आप अपना कार्यक्रम करें। हम हमारा काम करेंगे। जब तक अतिक्रमण नहीं हटा दूं, तब तक नहीं जाऊंगा। इस पर परिवार और लोग मान गए। प्रशासन ने जेसीबी बुलाकर आरोपी के घर के अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। एसडीएम ने बताया कि बाकी के आरोपियों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

लोस चुनाव को लेकर भाजपा में बूम..कांग्रेस पड़ी है सुन्न..!

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। लोकसभा चुनाव निकट दिख रहे हैं। विधानसभा चुनाव में शानदार विजय के बाद अब भाजपा की नजरे लोकसभा चुनाव पर गड़ी हुई है। अबकी बार 400 पार के नारे के साथ भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी भी शुरू कर दी है। यानी कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा में पूरी तरह से बूम की स्थिति है। जबकि, कांग्रेस फिलहाल सुन्न पड़ी हुई है।

हम बात करते हैं मंदसौर संसदीय क्षेत्र की, जिसमें नीमच जिला भी आता है और रतलाम जिले का जावरा क्षेत्र भी इसी संसदीय क्षेत्र में समाहित है, तो तीन जिलों से बना मंदसौर संसदीय क्षेत्र मध्य प्रदेश के साथ ही भारत की राजनीति में भी अपना महत्वपूर्ण प्रभाव रखता आया है। विधानसभा चुनाव की सफलता को देखकर इस संसदीय क्षेत्र में भाजपा की ओर से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए दर्जनों दावेदार पृष्ठ में लग गए हैं। मौजूदा सांसद सुधीर गुप्ता तो फिर से उम्मीदवार बनने की कतार में है ही, लेकिन भाजपा में इन दिनों जो कुछ रणनीति, कूटनीति चल रही है। उसके चलते हैं किसी की भी उम्मीद भरी सुरक्षित नहीं मानी जा सकती है। ऐसे में सुधीर गुप्ता की उम्मीदवारी पर भी सवाल तो खड़े हुए ही हैं। संसदीय क्षेत्र में भाजपा के दूसरे व तीसरी पंक्ति के भी कई ऐसे नेता हैं जो लोकसभा चुनाव की दावेदारी कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि पार्टी नेतृत्व जिस ट्रैक पर काम कर रहा है, उसमें यदि मोहनलाल, भजनलाल, विष्णु लाल जैसे दूसरी पंक्ति के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है तो सांसद तो उन्हें भी बनाया ही जा सकता है। इस धारणा के चलते कई ऐसे दावेदार भी उभरे हैं जिन्होंने नगर पालिका का भी चुनाव नहीं लड़ा है।

तो कहा जा सकता है कि भाजपा में लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से बूम चल रहा है। माना जा रहा है कि मोदी का आभामंडल और उनका प्रभाव इतना जबरदस्त है कि जो भी खड़ा होगा, उसकी जीत है। यह धारणा भाजपा में प्रतिदिन बलवती होती जा रही है। इसीलिए वे लोग भी लोकसभा की उम्मीदवारी की चेष्टा कर रहे हैं, शायद जिनका कद और पद इस स्तर का ना हो। उधर कांग्रेसी खेमे में यदि झांके तो विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पूरी तरह से सुन्न पड़ी हुई है। जिले में या संसदीय क्षेत्र में केवल एक मंदसौर की सीट कांग्रेस को हासिल हुई है जिसके लिए भी कहा जा रहा है कि कांग्रेस की इस जीत में भी भाजपा का ही ज्यादा योगदान रहा है। अब ऐसे में कांग्रेस में लोकसभा चुनाव में कौन उम्मीदवार होगा, यह एक बड़ा सवाल है। भाजपा में होड़ है तो कांग्रेस में ऐसा लग रहा है कि लोकसभा चुनाव की उम्मीदवारी को लेकर कोई दौड़ नजर नहीं आ रही है। पिछले दिनों पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन विधानसभा चुनाव के बाद पहली बार मंदसौर आई, कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की मीडिया से भी बात हुई। लेकिन, उन्होंने साफ संकेत कर दिए कि वह तीन बार चुनाव लड़ चुकी हैं, अब जो भी यहां उम्मीदवार होगा उन्हें पूरा समर्थन दिया जाएगा उनके यह कहने से स्पष्ट प्रतीत होता है कि वे स्वयं को लोकसभा चुनाव की उम्मीदवारी की दौड़ से अलग कर चुकी है। अब ऐसे में कांग्रेस से उम्मीदवार कौन हो सकता है यह एक बड़ा सवाल है। क्योंकि पिछले 20 सालों में अपवाद को छोड़कर कांग्रेस को हार ही हार नसीब हुई है। क्षेत्र में कांग्रेस की शीर्ष नेतृत्व पंक्ति की चमक खत्म हो चुकी है। नए नेतृत्व को उभरने का मौका ही नहीं दिया गया, ऐसे में यदि मीनाक्षी नटराजन चुनाव नहीं लड़ती हैं तो राजनेतिक दृष्टि से किसी पीटे पिटाए चेहरे को ही लेकर कांग्रेस को मैदान में आना पड़ेगा।

दर्द-ए-दिल

कुमार दशपुरी

विचार-मंथन

भ्रष्टाचार को लेकर रस्साकशी जारी...

अभी दिल्ली के मुख्यमंत्री और प्रवर्तन निदेशालय के बीच जोर आजमाइश चल रही है। आबकारी नीति में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने पांचवीं बार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा, मगर उन्होंने फिर यह कह कर उसे टाल दिया कि नोटिस अवैध है। चंडीगढ़ के मेयर चुनाव में हुई कथित गड़बड़ी को लेकर पार्टी ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इसमें अरविंद केजरीवाल को भेजे गए नोटिस का मुद्दा भी शामिल था। खुद केजरीवाल ने इसे लेकर प्रेसवार्ता की और बताया कि किस तरह केंद्र सरकार उनकी सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। वह नहीं चाहती कि वे आम चुनाव में प्रचार करने जा सकें। उन्होंने बताया कि शराब घोटाला मामले में लंबे समय से सीबीआइ और ईडी जांच कर रही है, मगर उन्हें आज तक एक भी पुख्ता सबूत हाथ नहीं लगा है। यह पहली बार नहीं है, जब अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी इस मामले को बेबुनियाद, मनगढ़ंत और बेवजह परेशान करने की नीयत से रचा गया बता रहे हैं। जब यह मामला सामने आया, तबसे लेकर अब तक उनका यही दावा है कि वे कट्टर ईमानदार लोग हैं, उनके पास छिपाने को कुछ नहीं है। मगर अब प्रवर्तन निदेशालय पर शायद उनके तर्कों, शक्ति प्रदर्शन और राजनीतिक हथकंडों का शायद ही कोई असर पड़े। ईडी को कानूनी अधिकार हैं कि तीन बार से अधिक नोटिस भेजे जाने के बावजूद कोई व्यक्ति पूछताछ के लिए हाजिर नहीं होता है, तो वह उसे गिरफ्तार कर सकता है या उसके कुछ अधिकारी उससे पूछताछ कर सकते हैं।हालांकि पिछले साल अप्रैल में सीबीआइ केजरीवाल से करीब नौ घंटे पूछताछ कर चुकी है। मगर ईडी से वे बचते फिर रहे हैं। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी ऐसे ही तर्कों के साथ ईडी का सामना करने से बच रहे थे। आखिरकार अधिकारियों ने उनके कार्यालय में जाकर पूछताछ की और जब वे अपने पक्ष में संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाए, तो दो दिन पहले उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अरविंद केजरीवाल खुद यह बात कह रहे हैं कि यही प्रक्रिया उनके साथ भी दोहराई जा सकती है। पहले ही इसे लेकर वे पार्टी कार्यकर्ताओं और विधायकों की बैठक करके रणनीति तय कर चुके हैं कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो उस स्थिति में क्या करना होगा। बेशक ईडी और सीबीआइ की कार्यशैली लंबे समय से प्रश्नांकित की जा रही है, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि अगर अरविंद केजरीवाल सचमुच बेदाग हैं, उनका शराब घोटाले से कोई लेना-देना नहीं, तो फिर उन्हें ईडी के सवालों से बचने की जरूरत क्या है। उन्हें अपने पक्ष में सबूत पेश करने में हिचक क्यों होनी चाहिए। एक समय वे खुद कामकाज में पारदर्शिता के लिए आरोपी नेताओं को कानून का सामना करने की वकालत करते थे। फिर उन्हें इस मामले में कन्नी काटने की क्या जरूरत? इस मामले में उनके दो नेता सलाखों के पीछे हैं। अगर सचमुच आबकारी नीति सही थी और उसके तहत शराब के ठेकों का आबंटन आदि पारदर्शी तरीके से किया गया था, तो उन्हें इसके प्रमाण पेश करके इस मामले पर से पर्दा उठाना चाहिए। इस तरह की राजनीतिक रस्साकशी से आखिरकार आम नागरिक दिग्भ्रमित होते हैं।

क्या पराजयवादी मानसिकता की शिकार हो गयी कांग्रेस?

समीर चौगांवकर

2019 के लोकसभा चुनाव में 303 सीटों के प्रचंड बहुमत से सत्ता में लगातार दूसरी बार काबिज हुए मोदी 2024 में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। मोदी लोकप्रियता के जिस शिखर पर लगातार बने हुए है और विपक्षी गठबंधन जिस तरह से तार तार हो चुका है ऐसे में 400 सीटों का आंकड़ा असंभव जरूर लगे लेकिन 350 सीटों पर भाजपा का पहुंचना संभव लग रहा है। 2014 में 42 और 2019 में 52 सीटों पर सिमटी कांग्रेस ने पिछले पांच साल में ऐसा कुछ नहीं किया कि जिससे यह कहा जा सके कि कांग्रेस मोदी को बहुमत से दूर रखने मे कामयाब रहेगी और खुद भी दहाई के आंकड़े को पार कर पायेगी। अभी भी मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का घाव ताजा है। मोदी को चुनौती देने के लिए बना विपक्ष का इंडिया गठबंधन अंतिम सांसे ले रहा है। दशक भर से देश भर में पिटी हारी कांग्रेस 60 दिन के भीतर होने वाले आम चुनाव में आत्मसंतुष्ट भाव या पराजयवादी मानसिकता के साथ उतरती दिख रही है। जब राहुल गांधी को इंडिया गठबंधन को मजबूत करने और सीट शेअरिंग को अंतिम रूप देने के लिए दिल्ली में रुकना था वह अपनी न्याय यात्रा पर निकल गए। इंडिया गठबंधन की इस दुर्दशा के लिए कांग्रेस ही जिम्मेदार है। नीतीश को संयोजक नहीं बनाया, वह निकल गए। ममता को लगा कि कांग्रेस बंगाल में उनसे ज्यादा तवज्जो वामदलों को दे रही है तो ममता ने भी अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। यूपी में कांग्रेस मायावती को साथ लेने के लिए मना नहीं सकी और मायावती ने इंडिया गठबंधन से दूरी बना ली। मायावती के अलग लड़ने के निर्णय ने सबसे ज्यादा सांसद देने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा की राह आसान कर दी है। नीतीश कुमार ने कांग्रेस के नेतृत्व में जिस विपक्षी एकता का ताना बाना 23 जून 2022 को पटना में बुना था, कांग्रेस की उदासी और लापरवाही के चलते खुद नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा के साथ सरकार बना कर उस इंडिया गठबंधन को तार-तार कर दिया जिसके शिल्पकार वह खुद थे। ऐसे में कांग्रेस की बैसाखी के सहारे खड़े होने वाले उसके सहयोगी दल अब कांग्रेस को एक एसेट की बजाय एक लाइबिलिटी के रूप में देख रहे है। राजनीति में जोश और रफ्तार की अहमियत से इंकार नहीं किया जा सकता और भाजपा मोदी के नेतृत्व में जोश और रफ्तार से 2024 के चुनाव में जीत की रणनीति बनाने और उसे अमलीजामा पहनाने में जुट गई है। मोदी के लिए लगातार तीसरा कार्यकाल पहले से ज्यादा आसान और संभव दिख रहा है जो नेहरू के बाद भारत में किसी को नहीं मिला। भाजपा ने जोश और खुशी से लबालब असर पैदा करने और तमाम पुर्जों को जोड़कर विशाल शक्ति पैदा करने के लिए बहुत छोटे-छोटे ब्यौरों को साधने और संजोने में महारत हासिल कर ली है। वहीं कांग्रेस 2019 की तरह चुनाव की पूर्व संध्या पर उदास और

लटका चेहरा लिए दिख रही है। कांग्रेस न खुद मोदी को चुनौती देने के लिए अपने दम पर खड़ी हो सकी और न ही गठबंधन को एक रख सकी। प्रधानमंत्री मोदी की विकसित भारत यात्रा की गाड़ी देश के सफर में निकल चुकी है और मोदी खुद लोगों से संवाद कर रहे हैं। भाजपा का विशाल संगठन मोदी की विकसित भारत की यात्रा को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए दिन रात एक कर रहा है, वहीं राहुल की दूसरी भारत जोड़ो यात्रा न किसी तरह का उत्साह कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में जगा रही है और न जनता में उनके नेतृत्व को लेकर कोई उम्मीद की किरण नजर आ रही है। अब कांग्रेस के समर्थक भी इस ग्रैंड ओल्ड पार्टी के भविष्य को लेकर चिंतित है। जिस तरह कांग्रेस खराब तैयारी के साथ लड़खड़ाती हुई चुनावी राजनीति मे उतरती है और गुटीय झगड़ों को काबू में नही रख पाती और सबसे अहम यह कि वह जनता की नब्ज नहीं पकड़ पाती, उससे उसका अपना कैडर ही बुझा हुआ है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा ने कांग्रेस की सांगठनिक कमजोरी को भी सामने ला दिया है। राहुल की न्याय यात्रा से मिली गतिशीलता को कायम रखने के लिए कांग्रेस के पास ऐसा संगठन ही नहीं बचा है कि वह उसे चुनाव के लिए तैयार मशीन बना सके और भाजपा को चुनौती दे सके। ऐसे में मोदी जब राम के रथ पर सवार होकर चुनाव प्रचार अभियान में निकलेंगे तो विपक्ष के लिए मोदी को रोकना लगभग असंभव होगा। मोदी के काम के साथ राम का नाम भी चुनाव प्रचार में एक प्रमुख अस्त्र बनने वाला है। लेकिन कांग्रेस अभी तक इस बात को ही नहीं समझ सकी है कि मोदी और शाह ने राष्ट्रीय स्तर के चुनावी मुकाबलों को संस्कृति (धर्म), पहचान (राष्ट्रवाद), सुरक्षा और विकास के साथ साथ मोदी की चार जातियों महिला, युवा, किसान और गरीब पर केन्द्रित कर दिया है। इनमें से हरेक मुद्दे पर कांग्रेस अचेत नजर आती है। कांग्रेस यह समझने में पूरी तरह नाकाम रही कि किसी लोकप्रिय नेता और ताकतवर सरकार को सिर्फ उसके खिलाफ केवल प्रतिक्रियाएं करके और बिना कोई वैकल्पिक नजरिया पेश किए हराया नहीं जा सकता। कांग्रेस को समझ में नहीं आ रहा है कि वह धर्मनिरपेक्षता को किस तरह परिभाषित करे। कांग्रेस जिस विचारधारा की राजनीति की बात कर रही है क्या वह विचारधारा आज की चुनावी परिस्थिति के अनुकूल है? कांग्रेस की इसी दुविधा और भ्रम ने उसे 1984 में 414 सीटों से 2014 में 44 सीटों के ऐतिहासिक रसातल पर पहुंचा दिया था। अभी भी वह मात्र 52 सीटों के साथ लोकसभा में उपस्थित है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के पास बहुत समय नहीं बचा है। मोदी को कैसे रोकना है इस पर विचार करने की बजाय विपक्षी दलों का गठबंधन एक दूसरे को अपने राज्य में आने से रोकने की तिकड़म भिड़ाने में लगा हुआ है। ऐसे में मोदी की राह विपक्ष खुद आसान कर रहा है। मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का 50 प्रतिशत वोट और 400 सीटों का लक्ष्य भाजपा की ताकत से ज्यादा विपक्ष की कमजोरी पर निर्भर है। विपक्ष खुद मोदी को उस लक्ष्य की ओर ले जाने मे मदद कर रहा है जो भारतीय राजनीति में अभी तक किसी को नहीं मिला। ऐसे में कांग्रेस सहित विपक्ष के सामने सवाल सिर्फ यह रह गया है कि वह भाजपा को 303 पर रोक पाती है या भाजपा राजीव गांधी के 414 के आंकड़े को भी पार कर जाएगी? संसद में खड़े होकर मल्लिकार्जुन खरगे ने भले ही व्यंग में मोदी के 400 पार वाले जुमले का जिक्र किया हो लेकिन इतना तो तय है कि चार सौ पार के नारे का तोड़ उनके पास भी नहीं है।

भाजपा नीतीश कुमार को 'निपटाने' का खेल तो नहीं खेल रही

अरविन्द मोहन

नीतीश कुमार या भाजपा को एक अनैतिक गठबंधन के लिए कोसना, इंडिया गठबंधन के भविष्य की चर्चा करना, सरकार फलट के पीछे चले खेला और दाव-पेंच की चर्चा करना और कारणों का अनुमान लगाना जरूरी है लेकिन यह सब अनजान नहीं रह गया है। भाजपा और उसमें भी मोदी-शाह की जोड़ी की सत्ता की भूख और नीतीश कुमार जैसे लोगों की भूख कोई अनजान चीज नहीं है। यह भी ज्ञात है कि बाकी सबकी कीमत लग जाती है पर नीतीश की भूख सिर्फ और सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी से पूरी होती है और बिहार के महाबली लालू हों या मोदी-शाह, यह कीमत देने को मजबूर होते हैं जबकि नीतीश का राजनीतिक अर्थात वोट का आधार सिमटता ही गया है। लालू यादव तो सीधे-सीधे की लड़ाई भी लड़ते रहे हैं पर भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में साथ रहकर भी शिखंडी जैसों की मदद से नीतीश को हराने की भरपूर कोशिश की और नीतीश इसको लेकर काफी फुनफुनाते भी रहे हैं। दरअसल आज चौतरफा गिरावट और भ्रष्टाचार वाली राजनीति में नीतीश अपनी कथित ईमानदारी और उससे भी ज्यादा अपने कथित समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता की कीमत वसूल रहे हैं। अपने लगभग 20 साल के शासन में उन्होंने भ्रष्टाचार खत्म करने या धर्मनिरपेक्षता बढ़ाने का कोई यत्न नहीं किया है, समाजवाद लाने का कोई कदम नहीं उठाया है (सामंती बिहार में भूमि सुधार का नाम लेने पर वह भड़क जाते हैं), पलायन थामने या उद्योग लगवाने का यत्न नहीं किया है पर खुद पैसे जमा करने के चक्कर में नहीं आए हैं। उन्हें दंगाइयों से और जातिवादियों से बैर नहीं है लेकिन दंगे नहीं कराए हैं। सांप्रदायिकता बढ़ती गई है, जातिगत गोलबंदियां ज्यादा मजबूत हुई हैं, क्रप्शन भी बढ़ा है (खासकर अधिकारियों और कर्मचारियों का) और सारी संस्थाएं बुरी तरह चौपट हुई हैं लेकिन नीतीश कुमार की 'राजनीतिक गुड्डी' आसमान में ही रही है। वह इस चलन के अकेले उदाहरण नहीं हैं। उनके उस्ताद जैसे वी.पी. सिंह, मनमोहन सिंह, योगी, ए.के. एंटनी और हर्षवर्द्धन जैसे कई और नाम आपको दिख जाएंगे जो भ्रष्टाचार के सागर में ईमानदारी के टापू जैसा दिखेंगे। नीतीश कुमार बड़ा संगठन खड़ा नहीं कर पाए और बड़े दल में लंबा नहीं रहे हैं इसलिए उनको बार-बार पाला बदलकर अपनी कीमत वसूलनी पड़ती है और इसमें वह उस्ताद बन गए हैं। वह सिर्फ नया रिकार्ड ही नहीं बना रहे हैं, नया चलन शुरू कर रहे हैं। इसमें मूल्यों, विचारों और नैतिकता का पैमाना आजमाने की गलती नहीं करनी चाहिए। लेकिन इन सबका समाज, शासन और चुनावी राजनीति पर तो असर होगा ही और कायदे से राजनीतिक पंडितों को उस पर गौर करना चाहिए। अगर मीडिया में एक झटके में राम मंदिर की जगह राम नीतीश छा गया तो मतदाताओं के मन पर भी इसका असर पड़ेगा ही और दिलचस्प बात यह है कि मीडिया मैनेजमैंट को सर्वाधिक महत्व देने वाली भाजपा ने पूरे होशो-हवास में आप्रेशन नीतीश कुमार ही नहीं चलाया बल्कि आप्रेशन कर्पूरी ठाकुर अलंकरण आप्रेशन भी चलाया। अगर राष्ट्रवाद और सांप्रदायिक पहचान की राजनीति के गलबहिया करने की तरह ये दोनों धाराएं भी हाथ मिला लें तब क्या होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। लेकिन अगला चुनाव इस असर को देखने के लिहाज से दिलचस्प होने जा रहा है। पर इस नवीनतम नीतीश कांड ने अयोध्या कांड के शोर को मद्धम कर दिया है। कर्पूरी जी को मरणोपरांत भारत रत्न देकर और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव को बिहार घुमाकर भाजपा ने खुद भी यह काम किया है। अब सी.ए.ए. समेत कई और कदम उठाए जाने की चर्चा है जिससे चुनाव में मुद्दे चर्चा में रहेंगे। यह भी दिलचस्प है कि भाजपा ने अपने पुराने उप मुख्यमंत्रियों की जगह विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी जैसे मुखर नीतीश विरोधियों को ही नहीं जीतनराम मांझी के पुत्र संतोष सुमन को भी साथ लगा दिया है। अब एक और नीतीश विरोधी चिराग पासवान के लोगों को भी ऊंची कुर्सी मिलने वाली है। और यह सब करते हुए किसी भी पक्ष को न मुसलमानों की याद आई और न महिला आरक्षण के ताजातरीन निर्णय की। अब यही देखना बाकी है कि चुनाव के पहले नीतीश कुमार कब 'जय श्रीराम' कहते हैं या भाजपा राष्ट्रव्यापी जातिवार जनगणना पर राजी होती है। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि नीतीश के पाला बदलने के बाद क्या कांग्रेस और राहुल गांधी जातिवार जनगणना की मांग छोड़ देते हैं। और क्या भाजपा दिन-ब-दिन कमजोर होते गए और अपनी राजनीतिक पूंजी गंवाते गए नीतीश कुमार को 'निपटाने' का खेल खेलती है या उनके सहारे अति पिछड़ों, जिन्हें बिहार में 'पंचफोड़ना' जातियां कहा जाता है, में अपनी पैठ बढ़ाना चाहेगी।

समंदर में सैन्य सफलताओं के कीर्तिमान

(शेखर सिन्हा, सेवा. वाइस एडमिरल, नौसेना)

यह एक कीर्तिमान की तरह है कि हमारी नौसेना 24 घंटे के भीतर दो जहाजों को समुद्री डाकुओं से सुरक्षित रिहा कराए। दोनों जहाजों पर ईरान के झंडे थे। दूसरे जहाज पर तो 19 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार थे। हमने यह सफलता कूटनीति और बल-प्रयोग से हासिल की, जो बताता है कि समंदर में अब हम कितने सक्षम हो गए हैं। हालांकि, समुद्र में भारतीय नौसेना कभी कमजोर नहीं रही है। 1971 की जंग भला कौन भूल सकेगा, जिसमें बांग्लादेश का निर्माण किया गया था। उस युद्ध में भारतीय नौसेना ने काफी उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। दरअसल, पाकिस्तान जब हमें लगातार परेशान करता रहा, तो जनरल मानेकशॉ के नेतृत्व में भारत की जल, थल और वायु सेना ने तय किया कि 3-4 दिसंबर की रात पाकिस्तान पर चौतरफा हमला किया जाएगा। यह माना गया कि अगर हम पूर्व में कुछ करेंगे, तो पाकिस्तान उसका बदला पश्चिम में लेगा, जो बाद में सही साबित भी हुआ। इसीलिए हमारी रणनीति बनी कि पाकिस्तान के सबसे बड़े बंदरगाह कराची को ध्वस्त कर दिया जाए, क्योंकि वहीं से उसकी नौसेना का संचालन होता था और वह उसका सबसे बड़ा व्यावसायिक बंदरगाह भी था। साथ ही, पूर्वी पाकिस्तान के बंदरगाह को भी नष्ट करने की योजना बनी, ताकि यहां उसके सैनिकों को घेर लिया जाए। कराची पर हमले की दुश्वारियां थीं। हमारे मिसाइल बोट छोटे थे और वे ज्यादा देर तक समंदर में नहीं रह सकते थे। उन पर तैनात मिसाइलें एक नियत दूरी से ही कराची बंदरगाह को निशाना बना सकती थीं। लिहाजा, दोतरफा योजना बनी। चूंकि ये मिसाइल बोट बॉम्बे (अब मुंबई) में तैनात थे, तो बड़े जहाज उनको खींचकर कुछ दूर ले आएं, ताकि उनका तेल कम उपयोग हो। और, दूसरी योजना के तहत कुछ मिसाइल बोट को पोरबंदर ले आया जाए, जहां से ईंधन लेकर वे कराची की ओर कूच करें। 3-4 दिसंबर की रात हमारे चार मिसाइल बोट इसी योजना के तहत पोरबंदर और बॉम्बे से निकले। सभी पर चार-चार मिसाइलें थीं। ये सभी जब कराची से नियत दूरी पर पहुंचे, तो उन्होंने ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। यह सब इतनी तेजी से हुआ कि पाकिस्तान को सोचने का वक्त ही नहीं मिला। इससे कराची बंदरगाह पर मौजूद तेल के भंडार में आग लग गई और वहां मौजूद तमाम व्यावसायिक व जंगी पोत नष्ट हो गए। भारतीय नौसेना की इसी सफलता के कारण 4 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। उधर, पूर्वी तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को तैनात किया गया, जिस पर सी हॉक जैसे लड़ाकू विमान तैनात थे। जब देखा गया कि पूर्वी पाकिस्तान के बंदरगाहों पर हलचल तेज हो गई है, तो इस पोत पर तैनात विमानों ने वहां जमकर बमबारी की, जिससे पाकिस्तानी सैनिकों को हौसला टूट गया। वे या तो वहां से भाग निकले या उनकी जरूरतों को पूरा करने पश्चिमी पाकिस्तान से कोई मदद न आ सकी। इसने पाकिस्तानी कमांडर और 93,000 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। हालांकि, इससे पहले की एक घटना काफी दिलचस्प है। पाकिस्तान ने अपनी पनडुब्बी गाजी को पूर्वी तट पर तैनात किया था, ताकि वह विक्रांत को डुबो सके। मगर गाजी को छकाने के लिए भारतीय नौसेना ने आईएनएस राजपूत का इस्तेमाल किया, जो समंदर में सुरक्षा-कार्यों में तैनात था। वह संचार माध्यमों से इस तरह जवाब देता रहा, मानो वही विक्रांत हो। इस कारण गाजी विशाखापट्टनम के आसपास ही भटकता रहा, और बाद में हमारे सैनिकों द्वारा नष्ट कर दिया गया। यहां एक और घटना का जिक्र जरूरी है।

आज का राशिफल

मेष : घरेलू जीवन में अनुकूल बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। खर्ची और आमदनी सामंजस्य बिठाकर चलें। यह प्रयास में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में मिली ढील रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ।

वृषभ : सूत्र : संतोष से सफलता मिलेगी। सेहतों में मिली सामान्य सी रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का कामों सहयोगपूर्ण रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। धन का परिवार आय लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। घरेलू जीवन सुखद रहेगा।

मिथुन : सूत्र : मनोबल मिश्रित होगी, पूर्व बनेकोन से कार्य में लगे रहेंगे। सहयोगी और अधीनस्थ विशेष पक्ष कराएगा। घर प्रयास में न पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। पारिवार कार्यों में रुकावट और भाग दौड़ होगी।

कर्क : कार्यक्षेत्र में रुकावटें आने से मन उदास का संकेत होगा। संतोष रखने से समस्याएं मिलेंगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का कामों सहयोगपूर्ण रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। भूत कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा।

सिंह : सूत्र : सुविधाजनक तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। बेहतरी की सम्भावनाएँ होंगी। रुका हुआ लाभ आज आ सकता है। अमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावहारिक प्रगति भी होगी।

कन्या : कन्या : अवसर-अवसान में मनन पुनीत। हाल-चिह्नात की वृद्धि होगी और सम्मानों का क्रम भी रहेगा। मनचाही धन-दौड़ में यदि बाधा है तो दूर हो जाएगी। घरेलू में समाधान का अवसर मिलेगा। अवसर कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

तुला : तुला : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए एकाग्रता से काम लें। सकारात्मक आएंगे। क्रोध में कभी न लाना की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कलहपूर्ण होने का भय रहेगा। जनसहयोगी से कोई गुप्त मंत्रणा हो सकती है। व्यवसायिक से कार्य करें। शैक्षणिक प्रोत्साहन पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक : वृश्चिक : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रयास में न पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। धन का परिवार आय लाभ देगा। लेन-देन में अवसाद रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे प्रयास का इन्तजार करें। कर्म प्रधान रिश्ता पास बनाये रखें। शैक्षणिक उलझनें में रहें।

धनु : धनु : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्यों के लिए समय बन जाएगा। अपने हित के काम पूरा करने में विलंब से। अपने पैसे की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कोई प्रयास का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप में काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। रुकावटें कार्यों से लाभ। कार्यक्षेत्र उत्तम रहे।

मकर : मकर : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रसन्नता होगी। स्वजन मित्रों की सहायता के अवसर रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता में करें। आगे बढ़ने के अवसर रावधानी मिल्ले से रहे हैं। कामकाज में सकारात्मक सफलता मिलेगी। धन का परिवार आय लाभ देगा। सहकारकर के लिए दिन शुभ होगा।

कुंभ : कुंभ : कुछ मिलने संकट उत्पन्न मिल उठा सकते हैं। निवेश करने के लिए अवसरमय हो जोड़-जोड़ कम रहेगा। अपने कोर्ट में कार्य को अकेला बाधमुक्त करेंगे। अच्छे कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में रुचि- रुचि बाधा आएगी। चीज लोगों में सहयोगी व्यवहार में उत्तम पैदा करेंगे।

मीन : मीन : पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र एवं सामाजिक सम्मिलन पैदा होगी। अपने विरोधी समझे जाने वाले से पीछे पीछे पुनमान पहुंचने की कोशिश करेंगे। आज काम दूसरे के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पछतावा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। सामुदायिक कार्य करें।

सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5136

2	3				7			1
1	8		5	3		4		
	4	6						
	5				8			2
	6			2			9	
9			3					
						8	2	
		3		5	9		4	7
5			7				3	9

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5135

6	4	7	1	9	3	2	8	5
9	5	2	6	8	7	1	4	3
3	1	8	2	4	5	9	6	7
4	3	6	5	2	9	7	1	8
5	8	9	7	1	6	3	2	4
2	7	1	4	3	8	5	9	6
8	2	5	3	6	1	4	7	9
7	9	4	8	5	2	6	3	1
1	6	3	9	7	4	8	5	2

वर्ग पहेली 5136

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1980 में इस महान पारर्वतपायक का निधन हुआ था (6)
6. बंके, मीहार, मिहिका (2)
7. समंद्र, जो किसी का गुप्त भेद जानता हो (4)
9. कोर्ट अदालत में बोली लगाकर माल बेचने का ढंग (3)
11. भय या शर्म के कारण कांप उठना (4)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. अवगुन, अवगुण (3)
14. तालकटी, पिंडा ढलेली, आंचल, पल्ला (3)
16. महिला ईसाई पादरी को यह कहा जाता है (2)
18. भारत की प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना जिसे स्कॉलरबाय टैगोर ने नृत्य सम्राज्ञी कहकर संबोधित किया था (5)
21. 332 द्वीपों वाले फिजी देश की राजधानी यह है (3)
22. यह भाग जिसमें तार लगे हो (2)
23. वर देने वाला, अभीष्ट दायक, वरदायक, वरप्रद (4)

ऊपर से नीचे

1. भगवान विष्णु का एक रूप (3)
2. आक्रमण करने वाला, आक्रमणकारी (5)
3. पुस्तक पठन आधार (3)
4. यह शरीर की सबसे बड़ी हड्डी है (3)
5. घोर भयंकर कारक, डराऊना, भयकारा (3)
8. यह भारत का सीमावर्ती राज्य है इसकी पश्चिमी सीमा और उत्तर पश्चिमी सीमा पाकिस्तानी सीमा के साथ मिली हुई है (4)
10. जन्मन खाना की यह भी कहते है (5)
13. उन्मत्त, वर्णकाय, भ्रूकुस (4)
14. पुराणानुसार कर्ण अधिक दान के कारण इस उपाधि से विभूषित थे (4)
15. हृदय, दिल, चित्त (2)
17. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
19. चित्त, पैरा करने खाल, शुभ व्यक्ति (2)
20. देवता, सुर, ईश्वर (2)
21. पुत्री, बेटी (2)

वर्ग पहेली 5135 का हल

स	मा	क्रि	न		शि	ड	र
ड	म	रा			ल	ल	त
त	ला		त	म	त		ना
ई		पा		ज्ञा	न	य	र
दी	र		ना	क		ज्ञ	
री	क्रि		द	र	ब	द	र
	प	र	ना	ना			ना
राम	शि	व			त	वा	व

कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत से ही हम लोकसभा चुनाव जीत सकते हैं-पंवार

मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक संपन्न

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में कार्यक्रमों की तैयारी, लोकसभा चुनाव की कार्य योजना एवं डोनेट फॉर नेशन को लेकर मन्दसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 4 फरवरी 2024, रविवार को गांधी भवन जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित हुई। इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए मंदसौर विधानसभा प्रभारी श्री गोविंद सिंह पवार ने कहा कि पार्टी के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव को देखते हुए जमिनी स्तर पर कड़ी मेहनत करना होगी और मंदसौर विधानसभा में आप लोगों ने जी जान से मेहनत करी भी केंद्र सरकार ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग कर के कांग्रेस पार्टी को डराने का काम कर रही है पर पार्टी डरने वाली नहीं है पूरे देश के आम जनों की लड़ाई लड़ते हुए हमारी पार्टी के नेता राहुल गांधी मुकाबला कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी जी से प्रेरणा लेना चाहिए कि विपरीत परिस्थितियों में आमजन की लड़ाई कैसे लड़ी जाए यह उनसे सीख लेनी चाहिए। श्री पवार ने सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी से डोनेट फॉर नेशन में अपनी तरफ से पार्टी फंड में राशि डोनेट करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल ने कहा की पार्टी संगठन की गतिविधियां लगातार चलती रहनी चाहिए, देश में आमजन की लड़ाई लड़ते हुए नरेंद्र मोदी सरकार को चुनौती देने वाला एक मात्र नेता राहुल गांधी है। पार्टी संगठन के सभी प्रकोष्ठ अपनी ओर से बैठके व संगोष्ठी आयोजित कर संगठन को मजबूत करें निष्क्रिय ना रहे अपने प्रकोष्ठों में अच्छे व नए लोगों को जोड़े श्र इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री प्रकाश रातडिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के सभी लोग तत्परता से कार्य करें आपकी मेहनत से ही हम लोकसभा चुनाव में विजय श्री प्राप्त कर सकते हैं हमें श्री राहुल गांधी पर गर्व करना चाहिए कि आम जन की लड़ाई हजारों किलोमीटर पैदल चल कर लड़ रहे हैं। आगे की ओर जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड़ ने बताया कि बैठक में सर्वप्रथम मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉक्टर राघवेंद्र सिंह तोमर ने स्वागत भाषण देते हुए मंदसौर नगर में संगठन की स्थिति के बारे में बताया इस जाजम पर बैठे पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो के बल पर हम 20 साल बाद मंदसौर विधानसभा में वोटो का प्रतिशत बढ़ाते हुए जीत दर्ज की और आगामी लोकसभा चुनाव में भी कड़ी मेहनत करते हुए हम परिणाम अच्छा देंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण पाटिल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रातडिया, नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद हनीफ शेख जिला कांग्रेस पदाधिकारी गण में सर्वश्री कांतिलाल राठौर मोहम्मद खलील शेख डॉ प्रीति पाल सिंह राणा मुस्तफा कपाड़िया सुरेंद्र कुमावत, कैलाश मनवाणी, विनोद शर्मा, सुरेश भाटी, विजय सिंह सिसोदिया, जितेंद्र सौपरा, माजिद चौधरी, राजेंद्र छाजेड़, कमलेश सोनी (लाला), मदन सिंह, राजेंद्र सेठिया, सुनील गुप्ता, अनीश खान, शहर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया, सलीम खान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष यूनुस मेव, पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दीपक सिंह गुर्जर सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा आज प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष संदीप सलोद अजजा जिला अध्यक्ष रमेश सिंगार मंदसौर नगर पालिका में प्रतिपक्ष नेता रफत पयामी, महिला नेत्रियों में सर्वश्री सुनीता बंडी, इंस्टा भाचावत, वर्षा सांखला, अनीता खोखर, रीना बसेर, मुमताज मंडलम अध्यक्ष में सर्वश्री पंकज जोशी, विश्वनाथ सोनी, अजय मारू, नितेश सतीदासानी, वकार खान, विजय जैन, दशरथ सिंह राठौड़, अजयआदि सोनी, शुभम कुमावत, सेक्टर अध्यक्ष में सर्वश्री रमेश ब्रिजवानी, श्याम चौधरी, राजेश खींची अशोक राव, आबिद खान, सादिक गोरी, घनश्याम लोहार, कचरमल जटिया, महेश गुप्ता ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी गण में सर्वश्री घनश्याम चौहान, कपिल पांडया, महेश रतनावत, शिव रमन सिंह पवार, अक्षय सेठिया, रमेश कुमावत दिनेश नाई, दिनेश यादव, राहुल पोरवाल, लोकेश रावत, दुर्गेश चंदेल देवेंद्र खाबिया, मूलचंद प्रजापत, फखरुद्दीन (दलोदा वाला), प्रकाश जैन, शिवचरण दवे, कन्हैयालाल भदानिया, भंवरलाल कुमावत, जगदीश पुचेरिया, राजू रैकवार आदि इस अवसर पर उपस्थित थे श्र कार्यक्रम का संचालन खानपुरा मंडल अध्यक्ष रमेश ब्रिजवानी ने किया आभार शहर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया ने माना।

जग्गाखेड़ी में उद्योगपतियों की बैठक सम्पन्न

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कार्पोरेशन के क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन के कार्यकारी संचालक श्री राजेश राठौर द्वारा मंदसौर के औद्योगिक क्षेत्र जग्गाखेड़ी में नगर के उद्योगपतियों के साथ एक बैठक आयोजित की। इस बैठक में उद्योगपतियों ने उन्हें अपनी समस्याएं बताई। जिसका कार्यकारी संचालक श्री राठौर ने मौके पर ही उद्योगपतियों द्वारा बताई गई समस्याओं का निराकरण किया। इस अवसर पर उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कार्यकारी संचालक श्री राठौर ने कहा कि उद्योगों को बढ़ाना सरकार की पहली प्राथमिकता है। मंदसौर में भी इस दिशा में तेजी से काम चल रहा है। बैठक में बड़ी संख्या में उद्योगपति और नया उद्योग लगाने वाले युवा उद्योगपति मौजूद रहे। जिन्हें कार्यकारी संचालक का प्रभावी मार्गदर्शन मिला। इस मौके मप्र इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन के कार्यपालन यंत्री श्री सत्यवीर थेनुआ, कनिष्ठयंत्री पंकज जैन व औद्योगिक संघ के पदाधिकारीगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।

दूधिया रोशनी में हो रही रनों की बौछार

मंदसौर स्ट्राईकर्स व मंदसौर इंडियन ने जीते मैच

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। गनेडीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वात्सल्य प्रीमियर लीग-2 के द्वितीय दिवस दो लीग मैच खेले गए। पहला मैच मंदसौर स्ट्राईकर्स एवं क्रिक स्पार्टन के बीच खेला गया। जिसमें मंदसौर स्ट्राईकर्स 14.3 ओवर में 116 रन पर ऑल आउट हो गई। रोहन राठी ने 28 बॉल में 37 रन (2 चौके, 2 छक्के) बेहतरीन पारी खेली। दिलीपसिंह चन्द्रावत ने 18 बॉल पर 20 रन (3 चौके), कप्तान दीपक पुनिया 11 बॉल पर 14 रन (2 छक्के), मोहित अलावत 11 बॉल 14 रन (3 चौके) बनाये। क्रिक स्पार्टन के गेंदबाज शाहबाज खान व उमर लेफ्टी ने 3-3 विकेट व आयुष जामवाल ने 2 विकेट लिये।

लेकिन जवाब में क्रिक स्पार्टन 14.2 ओवर में 97 रन ही बना पाई। धर्मेश पटेल 31 बॉल पर 48 रन की आतिशी पारी खेली। जिसमें 5 छक्के एवं 2 चौके जड़े। अपूर्व द्विवेदी ने 11 बाल पर 15 रन (2 चौके), आयुष जामवाल ने 17 बाल पर 14 रन (2 चौके) बनाये। मंदसौर स्ट्राईकर्स के बॉलर अभिषेक पाठक व आशीष ने 2-2 विकेट लिये। मंदसौर स्ट्राईकर्स ने 19 रन से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच रोहन राठी रहे। दूसरा मैच मंदसौर मेवरिक्स व मंदसौर इंडियन के बीच हुआ। मेवरिक्स ने निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट पर 123 रन बनाये। वरूण लवाण्डे ने 31 बॉल पर सर्वाधिक 42 रन (4 चौके व 2 छक्के) बनाये। यश पाटीदार 19 बॉल पर 11 रन बनाकर नाबाद रहे। देव लकारा ने 2 विकेट लिये। वहीं मयंक रावत, अर्जुन रापरिया, सुजित नायक, अशोक शर्मा ने 1-1 विकेट लिया।

मंदसौर इंडियन ने रनों को पीछा करते हुए मात्र 10.3 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर 124 रन बना लिये। इसमें देव लाकरा ने धुआंधार पारी खेली। मात्र 25 बाल पर 45 रन बनाये। इसमें 6 चौके व 2 छक्के शामिल थे। अंकित दाबस ने भी 19 बाल में 34 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया। उन्होंने भी 8 चौके जड़े। इंकाश दोबल व कप्तान मयंक रावत ने नाबाद रहकर अपनी टीम को जीताया। मंदसौर मेवरिक्स के बॉलर विशाल गोधारा व यश पाटीदार ने 2-2 विकेट लिये। यह लीग मैच मंदसौर इंडियन ने 6 विकेट से जीत लिया। आतिशी पारी खेलने वाले देव लकारा मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे दिन अम्पायर मनीष जायसवाल, अनुज टोटरे, अरविन्द कुमार तथा स्कोरर रूपेश प्रजापति व कमेंटर रमेश कुशवाह थे। इस अवसर पर वात्सल्य प्रीमियम लीग-2 आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

राम राष्ट्र की पहचान और महादेव मंदसौर की पहचान है-तिवारी

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। हमारे राष्ट्र की पहचान भगवान राम से है तो हमारे मन्दसौर नगर की पहचान महादेव अर्थात विश्वविख्यात श्री पशुपतिनाथ महादेव से है। इसलिए हम सब जिन्होंने पशुपतिनाथ महादेव की पावन नगरी में जन्म लिया है उनका यह दायित्व है कि हम सब मिलकर महादेव की नगरी में अनुरागमय वातावरण बनाएं। इसे स्वच्छ व सुंदर व मनोहारी बनाकर एक श्रेष्ठ उदाहरण प्रस्तुत करें। लेकिन यह कार्य जनता व नगरपालिका के सहयोग के बिना संभव नहीं है। हमें विश्वास है नगरपालिका तत्संबंध में शीघ्र कदम उठाएगी।

उक्त बात शिक्षाविद भूपेन्द्र तिवारी ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में सीमा चौरड़िया, डॉ. देवेन्द्र पौराणिक, चंद्रशेखर गौड़, अजीजुल्लाह खान, राजाराम तंवर, रमेश सोनी, सत्यनारायण भूरिया आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

लोक अदालत एवं शिविर के संबंध में बैठक सम्पन्न

नीमच, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। मुख्य न्यायाधिपति उच्च न्यायालय जबलपुर के अनुमोदन अनुसार समाधान आपके द्वार योजना के तहत 24 फरवरी, 2024 को संपूर्ण माध्यप्रदेश में लोक अदालत एवं शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान आपके द्वार योजना के तहत न्यायालय, परिवार न्यायालय में लंबित शमनीय, समझौते योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जावेगा।

उक्त लोक अदालत एवं शिविर के माध्यम से न्यूयालयों में लंबित विर्निदिष्ट प्रकृति के राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। इसके लिए 02 फरवरी प्रधान जिला न्यायाधीश, श्री सुशांत हुद्दार एवं सचिव जिला प्राधिकरण श्री विजय कुमार सोनकर द्वारा जिले के समस्त न्यायाधीशगण के साथ ऑफलाईन एवं ऑनलाइन माध्यम से बैठक आयोजित की गई। उक्त संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायाधीशगण से चर्चा में बताया कि लंबित विनिदिष्ट प्रकरणों में समझौते की सम्भावना को देखते हुये पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किये जाये, समझौता योग्य प्रकरणों में पेशी पर आने वाले पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण से होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराये। संबंधित प्रकरणों में यदि आवश्यक हो, तो प्रीसिटिंग मीटिंग का आयोजन किया जायें। पक्षकारों के हितों को प्राथमिकता दी जावे। उक्त बैठक में जिला एवं तहसील मुख्यालय से समस्त न्यायाधीशगणों ने सहभागिता की।

भाजपा दीनदयाल मंडल मनासा की गांव चलो अभियान की मण्डल कार्यशाला सम्पन्न

मनासा, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश तथा जिला नेतृत्व के आवाहन पर पार्टी द्वारा आगामी दिनाँक 6 से 11 फरवरी तक गाँव चलो अभियान चलाया जाएगा। मंडल अध्यक्ष कैलाश पुरोहित ने बताया कि मंडल के 67 बुथो पर 67 विस्तारक जाएंगे जो 24 घंटे का समय उस बूथ पर देंगे और कार्यशाला आयोजित करेंगे इसी कड़ी में दीनदयाल मण्डल में कार्यशाला सम्पन्न हुई।

जिसमें 67 बूथ पर विस्तारक नियुक्त किया गया है। उसमें नव मतदाताओ को जोड़ने के लिए और जनता के बीच समय व्यतीत कर जानकारियां एकत्रित कर जिला नेतृत्व के माध्यम से प्रदेश एवं राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत करवाएंगे। विधानसभा चुनाव में पुरी विधानसभा से सबसे अधिक वोटो से विजय होने पर कार्यकर्ताओ का आभार किया इस अभियान के लिए भाजपा कार्यालय में मंडल कार्यशाला सम्पन्न हुई। जिला अध्यक्ष पवन जी पाटीदार विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारू के मार्गदर्शन में बैठक में मंडल अध्यक्ष कैलाश जी पुरोहित, वरिष्ठ नेता भगत राम जी पाटीदार, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी श्याम जी वसीटा ने मार्गदर्शन किया संचालन अभियान के मंडल संयोजक अभिषेक जोशी ने किया एवम आभार मंडल सहसंयोजक जगदीश धाकड़ ने किया। कार्यशाला में मंडल पदाधिकारी एवं विस्तारक, संयोजक, सहित प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्टर आज ई-जनसुनवाई करेंगे

नीमच, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिनेश जैन आज 5 फरवरी 2024 सोमवार को प्रात: 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ई-जनसुनवाई करेंगे। कलेक्टर श्री जैन ई-जनसुनवाई में मनासा जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरलाई, जम्नौकद, हतुनिया एवं दुधलई से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर, ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण करेंगे।

उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने फूलमाली समाज की...

धर्मशाला को तोड़ने से रोकने व उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। पिपलियामंडी नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया व फूलमाली चोखरा पंचायत अध्यक्ष मुकेश माली के नेतृत्व में माली समाज का एक प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा से भोपाल निवास पहुंचकर मुलाकात कर चर्चा की, प्रतिनिधि मण्डल ने चर्चा में बताया कि श्री फूलमाली समाज की धर्मशाला को प्रशासन द्वारा बार बार तोड़ने की चेतावनी दी जा रही है इस संबंध में उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल मंदसौर ज़िला कलेक्टर दिलीप कुमार को दूरभाष पर चर्चा कर धर्मशाला को तोड़ने की कार्यवाही को रोकने के निर्देश दिए व श्री देवड़ा द्वारा बताया गया कि आपकी जो भी मांग है उस पर उचित निर्णय लेंगे। व जो भी शासन द्वारा मदद होगी आपके समाज के हित में की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में कैलाश जी सोनगरा, चंद्रप्रकाश जी सोलंकी, बोतलाल जी गहलोत, दिलीप जी देवड़ा लक्ष्मीनारायण जी धनोतिया, चंद्रप्रकाश जी देवड़ा उपस्थित रहे। व प्रतिनिधि मण्डल द्वारा समस्त फूलमाली समाज की और से उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा का धन्यवाद ज्ञापित किया।

कृष्ण कथा सामाजिक समरसता का सर्वोत्तम मान बिन्दू है-पंडित दवे

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कृष्ण कथा सामाजिक समरसता, समाज की एकता एवं राष्ट्र की एकता, अखण्डता का सर्वोच्च मान बिन्दू है। उक्त विचार ग्राम झावल में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा श्रवण कराते हुए पंडित श्री ओमप्रकाश दवे ने व्यक्त किए। आपने कहा कि गोपी त्याग एवं समर्पण की प्रतीक है। पर्यावरण संरक्षण, जल की महत्ता एवं गौ संवर्धन का दूसरा नाम ही कृष्ण कथा एवं भक्ति है।

पं. दवे ने कहा कि भागवत पुराण श्रीकृष्ण की महिमा एवं प्रेम की परिभाषा है। श्रीकृष्ण समस्त चराचर जीवों से अटूट प्रेम करते हैं। कलयुग में भागवत ज्ञान यज्ञ के माध्यम से हम अपना जीवन धन्य कर सकते हैं। आपने कहा कि जीवन में सभी को गुरु अवश्य बनाना चाहिए, जो हमें सत्य का मार्ग की ओर ले जा सके। बिना गुरु के हमारा जीवन अधूरा होगा। श्रीराम, श्रीकृष्ण जैसे आराध्य का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि वे भी गुरु के सानिध्य से ही जनमानस को अच्छे कर्मों वर्ा संदेश दे गए। पवित्र भारत भूमि में संतों की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत संत, महात्माओं, देवी-देवताओं का स्थल है, इसलिए यह देव भूमि भी है। कथा में रूकमणी विवाह प्रसंग के दौरान श्रद्धालुओं से प्राप्त 15 हजार 30 रू. की राशि झावल गौशाला को दान की गई। ग्राम झावल में आयोजित इस कथा में मधुर संगीतमय भजनों की प्रस्तुति श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रही है। भक्त भजनों पर झूमते हुए कृष्ण की भक्ति में रम रहे है। कथा श्रवण करने ग्राम झावल सहित आसपास क्षेत्र के बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से भारत सनातन संस्कृति जगद्गुरू कहलाने के प्रतिष्ठा पद पर पुन: प्रतिष्ठित हुआ

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव जिसमें एक मत एक मन से सम्पूर्ण भारत ही निमग्न नहीं था बल्कि विदेशों में भी उसी उत्साह-उल्लास-उमंग से मनाया गया मानो रामलला केवल भारत में ही नहीं बल्कि उनके राष्ट्र को भी गौरवान्वित सम्मानित करने पधार गये हो परन्तु इसके विपरीत एक वरिष्ठ राजनयिक अधिवक्ता श्री कपिल सिब्बल द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के 10 दिन बाद 1 फरवरी को प्रिंट मीडिया के एक प्रतिष्ठित अखबार के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा के संबंध में इस प्रकार जो वक्तव्य दिया है कि इस महोत्सव से भारत गणतांत्रिक मूल्यों से भटका है। टिप्पणीकार स्वयं देश के प्रसिद्ध बुद्धिवैत्ता है। यदि उन्होंने भारत में जन्म लिया है, सचमुच यदि वे अपने को भारतवासी एक सच्चे हिन्दुस्तानी मानते है तो उनके संज्ञान में अच्छी प्रकार होगा कि लगभग 250 साल की अंग्रेजी गुलामी से 1947 में देश आजाद हुआ और स्वनाम धन्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारू रूप में सम्मान के साथ संचालित करने के लिये जो संविधान बनाया उसे प्रत्येक हिन्दुस्तानी सहर्ष स्वीकार पालन करने को तत्पर रहा और आज भी है और जब तक लोकतंत्र है कायम रहेगा।

लोकतंत्र भारत के संविधान को बने 75 वर्ष हुए है परन्तु भारत करोड़ों वर्ष प्राचीन महान आदर्श संस्कृति जिसे सनातन संस्कृति कहा जाता है और इसी के आधार पर भारत विश्वगुरू कहा गया है जिस संस्कृति को अपना कर भगवान राम लाखों वर्ष पश्चात भी मर्यादा पुरूषोत्तम कहे जाकर पूजे जाते रहे है। आजादी के पश्चात् राम राज्य की कल्पना स्वयं पूज्य बापू गांधीजी ने की थी उसी की स्थापना का 500 वर्षों के पश्चात् सदप्रयास यदि पुन: हुआ है तो इससे भारत गणतंत्र मूल्यों से भटका नहीं है बल्कि अपनी प्राचीन सनातन संस्कृति की पटरी पर पुन: वापस लौटा है। प्रधानमंत्री मोदीजी पर यह आक्षेप की प्रधानमंत्री होने के नाते उन्हें प्रतिष्ठा महोत्सव में भाग नहीं लेना था। आक्षेप लगाने से पहले माननीय सिब्बल साहब भूल गये कि मोदीजी भारत के प्रधानमंत्री बाद में है पहले वे भी भारत के नागरिक है और एक नागरिक होने के नाते संविधान अनुसार जैसा स्वयं सिब्बल साहब ने स्वीकार किया है प्रत्येक नागरिक को समानता और अपनी उपासना पद्धति और पंथ के प्रचार प्रसार के अभ्यास की स्वतंत्रता का अधिकार है तो क्या मोदीजी को अधिकार नहीं है और जब मोदीजी ने इसका पालन कर यदि महोत्सव में एक नागरिक होने के नाते मुख्य यजमान की हैसियत से जिसकी प्रत्येक धार्मिक उत्सव में आवश्यकता होती है बनकर भाग लेने मात्र से कैसे कहा जा सकता है कि इससे हमारी संवैधानिक संस्कृति को क्षति पहुंची है। यदि किसी प्रधानमंत्री के किसी धार्मिक आयोजन में सहभागिता करने से यदि गणतंत्र के स्वरूप में परिवर्तन होने का कहा जायेगा तो क्या फिर अधार्मिक आयोजन में भाग लेंगे, विचारणीय है।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का यह उदाहरण देना कि उन्होनें सिंगापुर के चड्डेरिया हिन्दू मंदिर में संबोधन और चंदा तभी स्वीकार किया जब गैर हिन्दूओं को भी मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी। जहां तक रामलला राम मंदिर में जब से प्राण प्रतिष्ठा और दर्शन खुले है लाखों श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा-भक्ति प्रेम-विश्वास और अनुशासित होकर प्रात: 6 से रात्रि शयन तक दर्शन को आ जा रहे है परन्तु किसी भी दर्शनार्थी से यह नहीं पूछा जा रहा है कि तुम हिन्दू हो अथवा गैर हिन्दू और पूछा भी क्यों जायेगा जबकि राम मंदिर के इस महोत्सव की मुस्लिम समुदाय ने भगवान राम के इस महोत्सव को गौरवान्वित मानते हुए इसके प्रति अपनी श्रद्धा भक्ति से दिल से स्वीकार किया है। इतना ही नहीं जिस समय रामानन्द सागरजी का धारावाहिक रामायण सीरियल प्रारंभ होता था भगवान राम के आदर्शों र्से प्रभावित आकर्षित होकर 45 मिनट तक मुम्बई का एक मुस्लिम परिवार सब कुछ छोड़कर टीवी के सामने बैठ जाता था। उस समय उसका मीडिया में वक्तव्य भी छपा था कि उसके लड़के जब घर से बाहर धंधे पर जाते थे तो कभी प्रणाम-सलाम करके नहीं जाते थे परन्तु रामायण सीरियल देखने के बाद प्रणाम कर दुआएं लेकर जाने लगे। ऐसे ओर कई उदाहरण है। इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम राष्ट्र में तो राममंदिर-रामलीला जैसे आयोजन होते है तो भारत में भगवान राम के अवतरित स्थान के अयोध्या महोत्सव में जैसी की भारत की आदि सनातन परम्परा रही है उस देश का राजा (प्रधान) सहभागी होता है तो इसमें हर्ज ही क्या है। उज्जैन की महाकाल की शाही सवारी जगन्नाथपुरी में भगवान जगदीश के रथ आदि धार्मिक आयोजनों में वहां के राजा कलेक्टर, सी.एम. जो भी अधिकृत ही भाग लेकर सलामी (प्रणाम) करते है। इतना ही नहीं धार्मिक-सामाजिक अथवा राजनीतिक किसी भी विशिष्ट आयोजन में यदि किसी जनप्रतिनिधि, सामाजिककार्यकर्त्ता अथवा संत महापुरूषों को आमंत्रित करने पर वह उसमें भाग लेता ही है यही तो हमारे लोकतंत्र की विशेषता और महानता है।

ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में प्रधानमंत्री नहीं बल्कि भारत के नागरिक की हैसियत से यजमान के रूप में सहभागी होना न तो भारत गणतांत्रिक मूल्यों से भटका है और नहीं हमारे संवैधानिक संस्कृति की क्षति हुई है बल्कि भारत ही नहीं पूरे विश्व में भारतीय आदर्श सनातन संस्कृति की सराहना हुई है। अत: भगवान राम के इस विश्वव्यापी महोत्सव के संबंध में किसी को भी अनेपक्षित टिप्पणी-व्यक्तव्य नहीं देते हुए देश का गौरव बढ़ाने वाले इस ऐतिहासिक भव्य आयोजन में यदि कोई मन के दुराग्रहवश भाग नहीं ले पाया तो रामलला के दर्शन करने जरूर जाना चाहिये क्योंकि रामलला की तो स्पष्ट घोषणा है-सम्मुख होई जीव जब हीं। जन्म कोटी अद्य नासों तबहीं।

बंशीलाल टांक, मंदसौर

✻सफलता की कहानी✻

किसान रामनिवास नंदन फलोद्यान परियोजना से दोगुना मुनाफा कमा रहे

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। नंदन फलोद्यान परियोजना किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है। श्री रामनिवास पिता शंकरलाल ग्राम खजुरिया सारंग बताते हैं कि नंदन फलोद्यान परियोजना के माध्यम से उन्हें में 1 एकड़ भूमि पर फलोद्यान लगाने के लिए 2 लाख रूपए का लोन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ। नंदन फलोद्यान के तहत अमरुद और संतरे की खेती कर रहा हूं। इन पौधे मे 1 साल में फल आने प्रारंभ हो जाते हैं। इससे किसानों को लाभ होगा और अच्छी आमदनी भी प्राप्त होगी। इन्होंने जिन खेतों में अमरूद और संतरे के पौधे लगाए हैं। उन खेतों में खरीफ और रबी की सीजन की फसल भी उठा लेते हैं। जिससे उन्हें दोगुना मुनाफा प्राप्त होता है। खेती को लाभ का धंधा बनाया है। इस फलोद्यान योजना से किसान खुश हैं और सरकार को धन्यवाद देते हैं कि सरकार द्वारा ऐसे ही महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिससे किसानों को लाभ मिल रहा है।

तेज धूप के बाद छाए बादल

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अंचल के मौसम में एक बार फिर बदलाव आया है। रविवार दोपहर में तेज धूप गर्मी का अहसास करा रही थी। जबकि, बादल छाए रहे। हल्के बादलों के साथ धूप छांव वाला मौसम बना हुआ है। 14 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चल रही थी। मौसम जानकारों के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से ऐसा हो रहा है।

बताया गया है की फरवरी में तापमान में उतार चढाव का ट्रेंड बदलता रहता है। रविवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहने का अनुमान है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, वर्तमान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिविटी है। बादल राजस्थान के दक्षिण-पश्चिम और मध्य हिस्से से होते हुए पूरे उत्तरी भारत को प्रभावित करने वाले हैं। साइकोनिक सर्कुलेशन सिस्टम भी देखने को मिल रहा है, जो अरब सागर से नमी ला रहा है। इससे मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में असर पडेगा। इसके असर से अगले दो दिन बादल छाए रहेंगे। प्रदेश के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हो सकती है।

परीक्षा केन्द्रों की परिधि से 200 मीटर के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध-कलेक्टर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा को ध्यान में रख जिले में धारा 144 लागू

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा मंदसौर जिले के 70 परीक्षा केन्द्रों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के तहत माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं (05/02/2024 से दिनांक 05/03/2024) के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के प्रावधानों को लागू करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी की है।

मध्य प्रदेश मान्यता परीक्षा अधिनियम 1937 के प्रावधान अनुसार परीक्षा प्रारम्भ होने के दो घण्टे पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक परीक्षा केन्द्रों से 100 मीटर की दूरी के अन्दर किसी अनाधिकृत व्यक्तियों तथा अवांछनीय गतिविधियों पर रोक रहेगी। अनाधिकृत व्यक्तियों का बिना किसी उद्देश्य के प्रवेश व घूमने, कागज या अन्य वस्तुओं का वितरण या प्रचार-प्रसार ऐसी वस्तुओं का उपयोग जिसका प्रयोग आक्रामक आयुध के रूप में किया जा सकता है, परीक्षा से संबंधित अधिकारी/वीक्षक (इन्चीजिलेटर) कर्मचारीगण को डराने का प्रयास इत्यादि का उल्लेख है। प्रत्येक केन्द्र मे इस विषय मे सतर्क रहना आवश्यक है। परीक्षा केन्द्र पर अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश तथा अवांछनीय गतिविधियों पर पूर्णत: रोक रहेगी। नकल, सामूहिक नकल, गोपनीयता भंग करने का प्रयास, सोशल मिडिया के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैलाने का प्रयास करते पाया जाता है तो उनके विरुद्ध अन्य सुसंगत अधिनियमों के साथ-साथ परीक्षा अधिनियम 1937 की धाराओं के तहत पुलिस में एफ.आई.आर. दर्ज कराई जाए। यह भी सुनिश्चित करें कि, छात्र-छात्राओं की तलाशी का कार्य शालीनता किन्तु दृढता से किया जाये, छात्राओं की तलाशी सिर्फ महिला शिक्षिकाओं द्वारा ही की जावे, तलाशी का कार्य परीक्षा कक्ष के अन्दर किसी वर्दीधारी व्यक्ति / पत्रकार द्वारा कतई ना किया जाए। सुरक्षा व्यवस्थाओं के बावजूद यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान सामूहिक नकल करने अथवा कराने में लिप्त पाया जाता है तो ऐसे व्यक्तियों को चिन्हांकित किया जाकर उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश मान्यता प्राप्त परीक्षा अधिनियम 1937 तथा अन्य संगत अधिनियमों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। मध्य प्रदेश शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुक्रम में चयनित संवेदनशील / अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 अनुसार ऐसा करने से प्रशासन को 5 या उससे अधिक लोगों की अनाधिकृत मौजूदगी परीक्षा केन्द्र के आस-पास होने की दशा में उन्हें तितर-बितर / गिरफ्तार करने की स्वत: कानूनी अधिकार प्राप्त हो जाएँगे।अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के संदर्भ में विद्यार्थियों के लिए परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल वातावरण को दृष्टिगत रखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा। माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की कक्षा 10 वीं एवं 12 वी बोर्ड की परीक्षाओं हेतु मंदसौर जिले के परीक्षा केन्द्रों की परिधि से 200 मीटर के क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश परीक्षार्थियों की सहुलियत व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है जो कि सर्वसाधारण आम-जनता को संबोधित है और इसकी तामिली प्रत्येक व्यक्ति पर सम्यकरूपेण करना और उसकी सुनवाई संभव नहीं है, अत: दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(2) के तहत यह आदेश एकपक्षीय रूप से पारित किया जाता है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 तथा अन्य सुसंगत अधिनियम के साथ-साथ परीक्षा अधिनियम 1937 के तहत कार्यवाही की जावेगी।

साफ्टवेयर बना मुसीबत

संपदा-2 पर 15 फरवरी तक भेजना है मूल्यांकन के प्रस्ताव

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। शहर की विभिन्न कॉलोनियों, प्रमुख मार्गों कें किनारे व रिहायशी इलाकों में भवन, भूखंड की गाइडलाइन में 5 से लेकर 15 फीसदी तक की बढोतरी होना है। इसमें नई लोकेशन जुड़ेगी। यहां कई जगहों पर अब तक प्रॉपर्टी गाइडलाइन की तैयारी शुरु नहीं हो पाई है। क्योंकि, पहली बार संपदा-2 सॉफ्टवेयर में गाइडलाइन को लेकर प्रस्ताव भेजा जाना है। परंतु सॉफ्टवेयर अपडेट नहीं होने के कारण समय बीतता जा रहा है। बता दें कि जिला मूल्यांकन समिति द्वारा प्रस्ताव तैयार कर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड को प्रस्ताव भेजे जाने की तारीख 15 फरवरी है। अब सिर्फ 10 दिन बचे हैं। वहीं लोकसभा चुनाव का मामला बीच में आ सकता है। अगर ऐसा हुआ तो गाइडलाइन लागू होने में विलंब हो सकता है। हालांकि 15 फरवरी तक गाइडलाइन को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी साल 2024-25 के लिए प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन लागू होना है। उप मूल्यांकन समिति को गाइडलाइन पर चर्चा कर प्रस्ताव तैयार कर जिला मूल्यांकन समिति को भेजना होता है। उसके बाद उक्त प्रस्ताव पर जिला मूल्यांकन समिति चर्चा कर कलेक्टर के अनुमोदन के बाद तैयार हुई गाइड लाइन केन्द्रीय मूल्यांकन समिति को भेजती है। इस बार समय सीमा में प्रस्ताव भेजना मुश्किल नजर आ रहा है। नई गाइडलाइन के प्रस्ताव संपदा-2 पर तैयार होना हैं। लेकिन अभी संपदा-2 पोर्टल का काम पूरा नहीं हुआ है।

कलेक्टर ने किया भादवामाता में विकास एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण

नीमच, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने रविवार को भादवामाता मंदिर परिसर में मास्टर प्लान केतहत निर्माणाधीन विकास एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर, कार्यो की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने भादवामाता मंदिर के नवनिर्माण कार्य, मंदिर में दर्शन पश्चात श्रृद्धालुओं की बाहर निकासी के लिए बनाए जा रहे कॉरिडोर एवं अन्य निर्माण कार्यो का मौके पर अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम डॉ.ममता खेडे, डॉ.राजेश पाटीदार, लोक निर्माण कार्यपालन यंत्री श्री महेन्द्र सिह चौहान, प्रबंधक श्री अजय एरन एवं श्रृद्धालु भी उपस्थित थे।

32 दिन में सोने की कीमत 1100 रुपए बढ़ी

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। सराफा बाजार में एक बार फिर सोने के भाव में तेजी देखने को मिल रही है। फरवरी के पहले ही सप्ताह में रिकॉर्ड भाव 64 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा गया है। यदि इस साल की बात करें तो 32 दिन में ही सोने के भाव में 1100 रुपए प्रति 10 ग्राम का उछाल देखने को मिला है। 1 जनवरी को सोने के भाव 63100 रुपए थे। यदि सालभर की बात करें तो सराफा व्यापारियों के अनुसार पहली बार शहर में सोने के भाव 64 हजार रुपए के पार पहुंचे हैं। आगे भी भाव में उतार-चढ़ाव के साथ तेजी रहेगी। दूसरी तरफ चांदी के भाव में इस साल गिरावट देखने को मिली है।

62 हजार रुपए हो गए थे भाव...

अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की अपेक्षा सोने के भाव में तेजी है। सराफा व्यापारियों के अनुसार अमेरिका द्वारा अब ब्याज दर में कटौती की जाना है। इससे यह उतार-चढ़ाव बना हुआ है। पिछले साल की बात करें तो सोने के भाव नवंबर-दिसंबर में तो रिकॉर्ड तेजी लिए रहे और 61 से 63 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास रहे हैं। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में भाव में गिरावट देखने को मिली और 62 हजार रुपए के नीचे पहुंच गए। यह मंदी ज्यादा दिन नहीं रही और और 14 दिसंबर से फिर तेजी का रुख लेकर भाव 63 हजार रुपए के ऊपर पहुंच गए। इस साल के पहले सप्ताह में भाव स्थिर रहे और उसके बाद उतार-चढ़ाव के साथ जनवरी माह के अंत से फिर तेजी रही जो अब तक जारी है। दो दिन से सोना 64 हजार 200 रुपए प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड भाव पर है। चांदी के भाव में नरमी देखने को मिली।

चांदी में मंदी, 72 हजार रुपए किलो...

सराफा बाजार के एक्सपर्ट के अनुसार पिछले साल के मध्य से सोना-चांदी के भाव में उतार-चढ़ाव के साथ तेजी देखने को मिल रही है। यह आगे भी जारी रहेगी। अमेरिका के फेडरल बैंक द्वारा पिछले साल ही संकेत दे दिए गए थे कि वह महंगाई को काबू में रखने के लिए अब ब्याज दर नहीं बढ़ाएगा और उसे कम करेगा। अमेरिका जून-जुलाई में ब्याज दर में कटौती कर सकता है। यही कारण है कि सोने के भाव में अचानक तेजी देखने को मिली है। पिछले साल शहर में सोना 64 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के नजदीक पहुंचा था। यदि भारत की बात करें तो मार्च-अप्रैल के लग्नसरा के मुहूर्त में फिर से भारतीय बाजार में मांग बढेगी तो फिर रिकॉर्ड भाव छुएगा। तब तक भाव में उतार-चढाव देखने को मिलेगा। यदि चांदी की बात करें तो उसके भाव में धीरे-धीरे बढ़ते हैं और गिरावट एक साथ देखने को मिलती है। यही कारण है कि चांदी में एक दिन में ही करीब 500 रुपए की मंदी के साथ शनिवार को 72 हजार रुपए प्रति किलो भाव रहे।

तस्करी के आरोपी का 8 करोड़ का होटल सीज

एसपी बोले-मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों की संपत्ति पुलिस जप्त करेगी

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल आरोपियों की संपत्ति फ्रीज करने की कार्रवाई के तहत प्रतापगढ जिले की हतुनिया थाना पुलिस ने मंदसौर प्रतापगढ रोड पर स्थित एक होटल को फ्रीज किया। इसकी कीमत करीब 8 करोड रुपए बताई जा रही है। होटल का मालिक कुछ समय पूर्व 33 क्विंटल डोडा पोस्त ले जाने के मामले में गिरफ्तार हुआ था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसकी संपत्ति को फ्रिज किया है।

प्रतापगढ एसपी अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने 18 नवंबर को 33 क्विंटल डोडा ले जाने के मामले में सुरेश पिता गणेशराम जाट से पूछताछ की तो उसने बताया डोडा चूरा भरवाने में मुजीबउद्दीन पुत्र अहमद नूर निवासी गोटारसी का सहयोग है। पुलिस ने मुजीबउद्दीन को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की। जांच में सामने आया कि आरोपी का शहर के मंदसौर रोड पर वेलवेट के नाम से होटल है। जिस पर पुलिस ने इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी। जहां से कॉम्पिटेटिव अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने प्रस्ताव को मंजूरी दी। जिसके बाद हतुनिया थाना पुलिस ने 8 करोड रुपए की लागत की होटल को फ्रीज कर दिया। एसपी अमित कुमार ने बताया मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपियों की संपत्ति को पुलिस जप्त करेगी।

थाने से प्रश्न पत्र प्राप्त करने से पहले सेल्फी लेना जरूरी, लिफाफे खुले होने पर करें शिकायत

इंदौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। सोमवार से दसवीं और मंगलवार से बारहवीं बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार बोर्ड परीक्षाओं को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए व्यवस्था में बदलाव किया है। नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से अलग-अलग उड़नदस्ते होंगे। साथ ही कलेक्टर प्रतिनिधि को भी प्रत्येक सेंटर पर रखा गया है। उसकी मौजूदगी में प्रश्न पत्र प्राप्त किए जाएंगे। कलेक्टर प्रतिनिधि और केंद्र अध्यक्ष सहित अन्य जिम्मेदार सुबह साढे छह बजे केंद्र पर इकट्ठा होंगे। यहां से सभी पहले नजदीकी पुलिस थाने से प्रश्न पत्र प्राप्त करने जाएंगे। मगर उससे पहले कलेक्टर प्रतिनिधि अपनी तरफ से एक सेल्फी लेकर एप्लीकेशन पर अपलोड करेंगे। फिर थाने से प्रश्न पत्र का बाक्स हासिल किया जाएगा।

कंट्रोल रूम में नहीं खुलेंगे लिफाफे-प्रश्न पत्र का बाक्स प्राप्त करने के बाद कलेक्टर प्रतिनिधि के नेतृत्व में सभी लोग सीधे केंद्र पहुंचेंगे। यहां भी सेल्फी खींचकर भेजी जाएगी। उसके बाद ही प्रश्न पत्र को खोला जाएगा। प्रश्न पत्र के लिफाफे कंट्रोल रूम में नहीं खुलवाते हुए इस बार पर्यवेक्षक को अपनी-अपनी कक्षाओं में खोलना होंगे। अधिकारियों के मुताबिक, प्रश्न पत्र के बंडल तीन तरह के बनाए हैं, जो 20, 40 और 60 प्रश्न पत्र के होंगे। ये लिफाफे पर्यवेक्षक को कक्षा में मौजूद विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से देंगे। यदि किसी लिफाफे की सील खुली पाई जाती है तो तुरंत कलेक्टर प्रतिनिधि को जानकारी दें। साथ ही केंद्र अध्यक्ष को भी बताएं।

बंद रखना होगा मोबाइल-परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने के लिए इस बार कलेक्टर प्रतिनिधि की जिम्मेदारी बढ़ाई है। थाने से प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाने के अलावा उन्हें विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र बांटने तक वहां रुकना है। साथ ही केंद्र अध्यक्ष, सहायक केंद्र अध्यक्ष और पर्यवेक्षक सहित स्कूल के अन्य स्टाफ व सदस्यों के मोबाइल फोन को बंद करवाना है। वहीं सभी फोन को सील बंद लिफाफे में रखना होंगे।

12 टीमें रखेंगी नजर-बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। अकेले इंदौर जिले में 137 स्कूलों को केंद्र बनाया है। जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में आठ टीमें बनाई गई हैं, जो सरकारी के अलावा निजी स्कूलों में बनाए गए केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। इसके अलावा संयुक्त संचालक की तीन से चार टीमें केंद्रों में जाएंगी। वहीं एसडीएम को भी अपने-अपने दायरे में आने वाले केंद्रों पर नजर रखना है। उनका भी उडनदस्ता घूमेगा। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों परीक्षाओं में एक लाख से अधिक विद्यार्थी बैठेंगे।

पेपर बंटने तक रुकना होगा-परीक्षा को लेकर सारी तैयारी हो चुकी है। केंद्रों पर परीक्षा सामाग्री पहुंचा दी है। साथ ही पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस बार कलेक्टर प्रतिनिधि की जिम्मेदारी बढाई गई है। उन्हें प्रश्न पत्र केंद्र तक पहुंचाना है। साथ ही उन्हें विद्यार्थियों को बंटने तक रुकना है।

मंगलेश व्यास
जिला शिक्षा अधिकारी

वैश्य समाज के जनक नारायणप्रसाद गुप्ता की स्मृति में 8 को 101 यूनिट रक्तदान किया जाएगा

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। वैश्य महासम्मेलन के जनक स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद गुप्ता की स्मृति को संकल्प दिवस के रूप में मनाते हुए 8 फरवरी को संपूर्ण मध्य प्रदेश में एक साथ रक्तदान महादान शिविर का आयोजन वैश्य महासम्मेलन की स्थानीय इकाइयों द्वारा किए जाएंगे। मंदसौर जिला मुख्यालय पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है जिसमें 101 यूनिट रक्तदान किए जाने का निर्णय रविवार को वैश्य युवा जिला इकाई द्वारा मुख्य इकाई जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, जिलाध्यक्ष जगदीशचंद्र चौधरी ,जिला महामंत्री भगवानदास विजयवर्गीय की गरीमामय उपस्थिति में श्री गोपाल कृष्ण गौशाला परिसर में आयोजित मीटिंग में लिया गया। मीटिंग के आरम्भ में गोसेवा प्रकल्प के रुप में गौमाता को हरे चारे का आहार करवाया गया। शिविर का शुभारंभ 8 फरवरी को प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रांत अध्यक्ष श्री उमाशंकर गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री श्री जगदीश अग्रवाल गरोठ सहित अन्य अतिथि रहेंगे।

मीटिंग को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि हम सब के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि 8 फरवरी गुरुवार को रक्तदान शिविर के शुभारंभ एवं सम्मान समारोह में वैश्य महासम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता का सानिध्य प्राप्त होगा । जिला अध्यक्ष जगदीश चंद्र चौधरी ने कहा कि मंदसौर जिले में वैश्य महासम्मेलन की गतिविधियां समय-समय पर चल रही है और विशेष कर सेवा प्रकल्पों के माध्यम से वैश्य बंधु और मातृशक्ति हमेशा जुटे रहते हैं। यूवा जिला अध्यक्ष राकेश दुग्गड ने कहा कि 8 फरवरी गुरुवार को हम सबको रक्तदान शिविर के इस महाकुंभ में परिवार सहित उपस्थित होना है। मीटिंग में राधेश्याम मांदलिया ,डा प्रमोद गुप्ता, राजेन्द्र छाजेड,रिखब जैन, रमेश काबरा, दिलीप सोमानी, शांतिलाल गगरानी,सुरेश सोमानी,राकेश दुग्गड, राजेश बोहरा, सचिन पाटनी,सुनील पालीवाल, शैलेश पोरवाल, अप्रेश भंडारी, पंकज मित्तक, दिलीप सेठिया, महेश मूंदड़ा बुढा,सिद्धार्थ अग्रवल, ओम सेठिया छतरी वाला, डा आशीष अग्रवाल, विवेक खाबिया, प्रीतेश करनावत, योगेश गुप्ता विनायक, नीलेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में वैश्य बंधु उपस्थित थे। मीटिंग का संचालन जगदीश काला ने किया तथा आभार यूवा जिला महामंत्री दिलीप सेठिया ने माना।

छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। दशपुर विद्यालय में आज कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं का विदाई समारोह हर्षोल्लास संपन्न हुआ। सर्वप्रथम कक्षा बारहवीं के छात्र अर्पित जैन, छात्रा अर्पिता चोरडिया एवं मुदिता कपूर द्वारा माँ सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात् विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री मुकेश बरानिया एवं श्री तेजपाल बारेट द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स कक्षा बारहवीं के छात्रों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये, जिनमे गीत, कवितायें, नृत्य आदि शामिल थे।

विद्यालय के हेड बॉय पीयूष रत्नावत एवं हेड गर्ल कृति शिवदासानी ने अपने भाषण में विद्यालयीन अनुभव साझा किए। विद्यालय की कक्षा 12वीं की छात्राओं प्रांजल रत्नावत, मुदिता कपूर, श्रुति, नियति आदि ने भी विद्यालय में प्रवेश से लेकर अपने कक्षा बारहवीं तक के सफर को कविता के रूप में प्रस्तुत किया, जिसे सुन सभी मंत्रमुग्ध और भावुक हो गए। सभी ने बारी बारी से अपने बीते वर्षों कें अनुभव साझा कर अपने शिक्षकों को प्रति अपनी आभार को प्रकट किया गया। इसी के साथ विद्यालय के अपने अंतिम दिवस का दुख भी उनके चेहरों पर साफ झलक रहा था। कक्षा 12 वी के कक्षा अध्यापकों एवं अन्य विषय अध्यापकों द्वारा अपने अपने उदबोधन में सभी छात्र-छात्राओं के साथ बिताए अनुभव साझा कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस द्वारा अपने सारगर्भित उद्बोधन में उन्होंने कहा कि विदाई अंत नहीं, ये लो एक नये जीवन की शुरुआत है, जीवन में कभी भी किसी भी मौके पर हमें फेल नहीं होना है। साथ ही यदि हम खुद को भरोसा करेंगे तो जीवन के सभी इम्तिहान को हम आसानी से पास कर लेंगे।

आयुष्मान अभियान के तहत बनाए 3 हजार 496 से अधिक आयुष्मान कार्ड

नीमच, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद के मार्गदर्शन में नीमच जिले के नगरीय क्षेत्रो एवं सभी ग्राम पंचायतो में आयुष्मान कार्ड से शेष रहे पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शनिवार एवं रविवार को विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार एवं रविवार को पंचायत सचिव, पटवारी, आशा एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता, वार्डप्रभारी ने गांव-गांव, घर-घर जाकर शेष रहे हितग्राहियों को चिन्हित कर, उनके आयुष्मान कार्ड बनाएं। इस अभियान के तहत शनिवार व रविवार को नीमच जिले में 3496 आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को लेकर सांसद गुप्ता की प्रेसवार्ता सम्पन्न

मंदसौर, 4 फरवरी गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के समस्त संगठनात्मक जिला मुख्यालय पर महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण एंव केन्द्रीय बजट को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आज जिला भाजपा कार्यालय पर विषयांतर्गत प्रेस वार्ता सांसद सुधीर गुप्ता ने करी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, भाजपा पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन एंव भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी विनय धनगर सहित नगर के गणमान्य पत्रकार बंधु उपस्थित रहें।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में बताया कि सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय कानून में संशोधन किया है, जिससे वनस्पतियों में ट्राइबल विश्वविद्यालय की स्थापना हो सकती है। पिछले वर्षों मैं 76 अन्य कानूनों को भी हटाया गया है। राष्ट्रपति ने यह भी बताया कि देश ने पिछले 10 वर्षों मैं विभिन्न क्षेत्रों में कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जैसे कि फ्रेजाइल 5 सेन्सर्स का टॉप 5 में पहुंचना, आईटीआर फाइल करने वालों की संख्या में वृद्धि, और स्टार्टअप्स की बढती संख्या। विभिन्न क्षेत्रों में हो रही उपलब्धियों के साथ, राष्ट्रपति ने बताया कि भारत ने राष्ट्रहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जैसे कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 और तीन तलाक के प्रति तंग कानून को समाप्त करना। उन्होंने देशवासियों से उत्साह बढाने के लिए आगे बढने की जरूरत को भी बताया और विभिन्न चुनौतियों का सामना करने में ऊर्जा लगाने की प्रेरणा दी। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में हो रही उपलब्धियों के साथ ही, सरकार द्वारा की जा रही नीतियों और कदमों के बारे में भी चर्चा की है, जैसे कि आर्थिक स्थिति में सुधार, न्यायालयी सुधार, एम. एस. एम. ई की विस्तृत प्रणाली, और भारत के आत्मनिर्भर अभियान के प्रति विशेष ध्यान देना। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के अनुसार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर प्रदान करने के संकल्प के साथ 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास ' के मंत्र के माध्यम से समृद्धि और सामरिक समर्थन की दिशा में सरकार का प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने इस संदेश में कुछ प्रमुख उपलब्धियों को भी हाइलाइट किया, जैसे कि आरक्षण का बढावा, शिक्षा में आरक्षण, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना, और आदिवासी समुदाय के लिए समर्पित संग्रहालयों का निर्माण। उन्होंने चार मजबूत स्तंभों (युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीबों) की महत्वपूर्ण भूमिका की बात की और इन्हें सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयासों का संकेत दिया। बजट 2024-25 के बिदुंओ पर चर्चा करते हुए सांसद गुप्ता ने कहा की यह बजट एक लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसान आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। इस बजट में, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व में बनाए गए भारत2047 के दृष्टिकोण को आगे बढाता है। इसमें 'सबका साथ, सबका विकास' के आदर्शों कों ध्यान में रखते हुए, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी (ऋअछ) को शामिल किया गया है। बजट में भारत के ऋ20 की अध्यक्षता के दौरान किए गए कार्यों कों बजट लाइनों में प्रकट किया गया है, जिसमें प्रकृति, आधुनिक आधारित संरचना, और सभी क्षेत्रों के लिए समान अवसरों के साथ समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने का उद्देश्य है। बजट में उच्च गरीबी-निराश्रय परिसंपत्तियों और अनियमित कॉर्पोरेट क्षेत्र के बावजूद, सरकार ने सर्व जनों को लाभान्वित करने, धीरे-धीरे पंजीकृत व्यय परिवृत्ति और लक्षित सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने के लक्ष्य को बढावा दिया है। इन क्रियाओं के परिणामस्वरूप, राजकोषीय घाटा को सकल घरेलू उत्पाद का 5.1% तक कम करने का उम्मीदवार है, जिससे समृद्ध भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृढ और दीर्घकालिक विकास के दृष्टिकोण के साथ, 2024-25 के लिए महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर 11,11,111 करोड रुपये का बजट दिया गया है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 3.4% है। इसके परिणामस्वरूप, भारत की सभी क्षेत्रों में लगभग 2.45 गुणा सकारात्मक प्रभाव होने की उम्मीद है। मोदी सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि को बढाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। यह उदाहरणों के साथ दिखाया गया है कि हवाई अड्डों, बंदरगाहों, और रेलवे स्थलों के साथ सड़क और सड़क संबंधित परियोजनाएं कैसे देश की अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने का कारगर तरीका हैं। मोदी सरकार ने शुरू की गई उड़ान योजना ने हवाई यात्रा को सभी के लिए सुलभ बना दिया है। इस योजना के तहत, नए हवाई अड्डों का निर्माण किया जा रहा है और नई यात्रा ट्रेनें शुरू की जा रही हैं, जिससे रेलवे संरचना में भी सुधार होगा। यह विकास उद्दीपन करता है और मध्यम वर्ग के नागरिकों को अपनी यात्रा की आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करता है। बजट में, सरकार ने गरीबी-निराश्रय परिसंपत्तियों और अनियमित कॉर्पोरेट क्षेत्र के बावजूद, सर्वजनों को लाभान्वित करने, पंजीकृत व्यय परिवर्तन, और सार्वजनिक सेवाओं को प्रबंधन करने का उद्देश्य रखा है। इससे संपूर्ण घरेलू उत्पाद का 5.1% तक घाटा कम होने की उम्मीद है, जो समृद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्राप्त करने में सहायक होगा।

कार्यालय-प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय

भानपुरा, जिला-मंदसौर (म.प्र.) फोन नं.-9074114824

जावकक्रमांक/200/2024 भानपुरा, दिनांक-24.01.2024

****** निविदा प्रकाशन ******

विश्व बैंक परियोजनांतर्गत शासकीय महाविद्यालय भानपुरा में फर्नीचर क्रय किया जाना है। जिसकी खुली निविदा जैम पोर्टल पर क्रमांक GEM/2024/B/4528400 DATE-24.01.2024 जिसकी निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 14.02.2024 को सायं 03.30 बजे तक है। इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म अपनी निविदाएं जैम पोर्टल पर जमा कर भाग ले सकते है। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय प्राचार्य का होगा।

डॉ. ओमप्रकाश गेहलोत
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय भानपुरा, जिला-मंदसौर

G-23738/23

स्वत्वाधिकारी,